SKT. LIB
423 SKT. LIB

॥ श्रीः ॥

काशी—संस्कृत—सीरिज़

८१

गणितविभागे प्रथम पुष्पम् ।

॥ श्रीः ॥

गणितकौमुदी

हिन्दी भाषाटीका प्रश्नपत्र सहिता ।

(प्रथमपरीक्षापाठ्यनिर्धारितगणितसंग्रहरूपा)

प्रकाशकः—

चौखम्बा संस्कृत सीरिज़ आफिस

बनारस सिटी ।

परीक्षोपयोगिपाठ्यग्रन्थानां सूचीपत्रम्—

लघुसिद्धान्तकौमुदी—

संक्षिप्तबालबोधिनीटीकासहिता ।

प्रथमापरीक्षोपयोगि "संक्षिप्तबालबोधिनी" टीका-(वार्त्तिकपाठ-धातुपाठ-गणपाठ-सूत्रानुक्रमणिका-पाणिनीयशिक्षा सहित) इस लघुकौमुदी में सूत्र बड़े टाइप में स्वतन्त्र पङ्क्ति में तथा वृत्ति पृथक् उसके नीचे दूसरी पङ्क्ति में छापी गई है। यह परीक्षोपयोगि संक्षिप्तबालबोधिनी टीका विद्यार्थियों के बड़े उपयोग को हुई।

मूल्य लागत मात्र सजिल्द उत्तम संस्करण ।॥) मध्यम संस्करण)

SRI RAMAKRISHNA ASHRAM

LIBRARY

Shivalya, Karan Nagar,
SRINAGAR.

Class No. _____

Book No. _____

Accession No. _____

42 sec. iii

THE

KASHI SANSKRIT SERIES

(*HARIDĀS SANSKRIT GRANTHAMĀLĀ*)

NO. 81.

(Mathematical Section, No. 1)

LIBRARY SRINAGAR.
Accession No. 1494
Date 15-5-35

THE

GANITA KAUMUDI

(WITH HINDI TRANSLATION & QUESTIONS)

By

SÂHITYÂCHÂRYA
Pandit Ganapati Deva S'astri
Son of
LATE M. M. PT. BAPUDEVA SHASTRI C. I. E.

Edited by the Author,

REVISED & ENLARGED THIRD EDITION

PUBLISHED & SOLD BY
JAI KRISHNADAS-HARIDAS GUPTA,
The Chowkhamba Sanskrit Series Office,
BENARES.

1934

मोतीलाल धनश्यामदास
संस्कृत- हिन्दी पुस्तक विक्रेता
सैदमिट्ठा- लाहौर

PUBLISHED & SOLD BY

JAI KRISHNADAS-HARIDAS GUPTA

The Chowkhamba Sanskrit Series Office

Benares City.

[*Registered According to Act XXV of 1867.*

All Rights Reserved by the Publisher.]

1934.

SRI RAMAKRISHNA ASHRAMA
LIBRARY
SRINAGAR
Access No. 1494
Date 19-9-75

हरिदाससंस्कृतग्रन्थमालासमाख्य-
काशिसंस्कृतसीरिज़पुस्तकमालायाः

८१

गणितविभागे (१) प्रथम पुष्पम् ।

* श्रीः *

गणितकौमुदी ।

(हिन्दीभाषाटीकासहिता)

प्रश्नपत्रसहिता च ।

(प्रथमापरीक्षापाठ्यनिर्द्धारितगणितसंग्रहपुस्तकम् ।)

ज्यौतिषाचार्यवर्य महामहोपाध्याय
श्री ६ मद्बापूदेव शास्त्रिणां तनयेन
साहित्याचार्येण
पं० गणपतिदेवशास्त्रिणा विरचिता ।
तेनैव सम्पादिता च ।
तस्याः
संशोधितं परिवर्द्धितं च

तृतीयं संस्करणम् ।

अस्य सर्वेऽधिकाराः प्रकाशकेन स्वायत्तीकृताः ।

SRI RAMAKRISHNA ASHRAMA
LIBRARY SRINAGAR.
Class No. 14.95
15-5-95

प्रकाशकः—
जयकृष्णदास हरिदास गुप्तः—
चौखम्बा संस्कृत सीरिज़ आफिस,
बनारस सिटी।



मुद्रकः—
जयकृष्णदास गुप्तः—
विद्याविलास प्रेस,
बनारस सिटी।

प्रस्तावना

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि "गणितकौमुदी" हिन्दी अनुवाद सहित छपकर तैयार हुई, और आज हम उसे प्रिय पाठकों के करकमल में समर्पण करनेका सुअवसर प्राप्त कर रहे हैं।

गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज बनारस की प्रथमा परीक्षा के पाठ्यक्रम में गणित का भी एक पत्र (पञ्चमपत्र) रक्खा गया है, किन्तु पाठ्यग्रन्थों की सूची में गणित के लिये किसी ग्रन्थविशेष का निर्देश न कर सङ्कलनव्यवकलनादिविषयों का ही निर्देश किया गया है। ऐसी दशा में छात्रों के लिये यह निश्चय करना कठिन होजाता है कि किस ग्रन्थ का कौन अंश लिया जाय, और कौन अंश छोडा जाय ? गणित विषय की स्वाभाविक कठिनता तो प्रसिद्ध ही है, उस पर भी प्रथमा परीक्षा देने वाले अल्पवयस्क बालकों के लिये बिना किसी निर्धारित ग्रन्थ के गणित तैयार करना असम्भव प्राय ही है। यही सब सोचकर, तथा अनेक आत्मीय छात्रों के आग्रह के वशीभूत होकर मैंने प्रस्तुत ग्रन्थ निर्माण करने का विचार किया। इसी बीच में चौखम्बा संस्कृत सीरिज् के मालिक बाबू जयकृष्णदास गुप्त जी ने भी मुझसे उक्त ग्रन्थ के बारे में वारंवार अनुरोध किया। मैंने भी यथामति ग्रन्थ शीघ्र ही प्रस्तुत किया, और साथ में हिन्दी अनुवाद भी रक्खा। आज भगवत्कृपा से यह ग्रन्थ हिन्दी अनुवाद सहित छपकर तैयार हुआ है। प्रस्तुत ग्रन्थ में संख्या की उत्पत्ति, गणनक्रम, जोड़, बाकी, गुणा, भाग आदि विषयों के लक्षण तथा अभ्यास के लिये भिन्न २ प्रकार के अनेक उदाहरण, देशकाल के भेद से अनेक प्रकार के मान, तथा भिन्न २ परिभाषाएं भी रक्खी गयी हैं। केवल इसी एक ग्रन्थ का अच्छी तरह अभ्यास करने से परीक्षा में तो सफलता होगी ही, व्यावहारिक जगत् में भी सब प्रकार के हिसाबों का सामान्य ज्ञान होगा, तथा संस्कृत के छात्रों पर व्यवहारानुपयोगिता का जो कलङ्क लगाया जाता है वह भी अंशतः मिट जायगा।

जो छात्र आगे मध्यमा परीक्षा में ज्यौतिष विषय लेना चाहें, उनको भी इस ग्रन्थ के अभ्यास से अग्रिम पाठ्यग्रन्थों की तैयारी में बहुत सहायता मिलेगी।

यह ग्रन्थ प्रथमा परीक्षा देने वाले छात्रों के उपकारार्थ ही बना रक्खा है, अतः गणितशास्त्र की दृष्टि से इसमें यदि कुछ त्रुटियां भी मालूम पड़ें तो गाणितिक लोग उन पर खड्गहस्त न होकर दया दृष्टि रक्खें, यही उनसे प्रार्थना है।

अन्त में जिन सहृदय मित्रों ने इस ग्रन्थ के बनाने में मुझे येन केन प्रकारेण सहायता दी, उन सज्जनों को हृदय से धन्यवाद देता हुआ अपनी इस तुच्छकृति को अखिल ब्रह्माण्डनायिका निजकुलदेवी श्रीमहालक्ष्मी के चरणकमल में समर्पण करता हूं।

रत्नपाटक
काशी।
जन्माष्टमी सम्वत् १९८७

(स्वर्गीय महामहोपाध्याय एं० बापूदेव
शास्त्री C. I. E. के पुत्र)
गणपतिदेव शास्त्री।

परवर्द्धित द्वितीय संस्करण ।

यह सूचित करते हुए हमको हर्ष होता है कि "गणितकौमुदी" का अनेक आवश्यक विषयों के प्रवेश से परिवर्द्धित द्वितीय संस्करण भी छपकर तैयार हो गया है । इस द्वितीय संस्करण में प्रथम संस्करण के अपेक्षया बहुत से विषय नवीन सन्निविष्ट किये गये हैं ।

गणित शास्त्र में अङ्कों के बारे में जो कुछ विशिष्ट सिद्धान्त हैं, जिनको गणित शास्त्रके धुरन्धर विद्वान ही जानते हैं, वे सब विषय भी अत्यन्त सरल भाषा में उदाहरण सहित इस संस्करण में रक्खे गये हैं । पारिभाषिक शब्दों का विवरण भी साथ में दिया गया है ।

यह तो स्पष्ट ही है कि इतने थोड़े समय में प्रस्तुत ग्रन्थ का द्वितीय संस्करण निकल जाने से यह ग्रन्थ विशेष रूपसे लोकप्रिय हुआ है ।

तृतीय संस्करण

अखिल विश्वैश्वर्य सौन्दर्यानन्दरूपिणी श्रीमहालक्ष्मी की कृपासे "गणितकौमुदी" का आज तृतीय संस्करण भी प्रस्तुत है । पूर्व संस्करणों में जो जो विषय थे वह सब इस संस्करण में हैं और इस संस्करण में गणित विषय के सब परीक्षाप्रश्न पत्रों का भी समावेश किया गया है । इस प्रकार अपनी नवकला के साथ यह संस्करण आज प्रकाशित हो रहा है । यह तृतीय संस्करण इस ग्रन्थ की उपयोगिता और लोक प्रियता की शुक्लेन्दुवत् कला वृद्धि का ही सूचक है । यह सुविज्ञ पाठकों से कहने की आवश्यकता नहीं । आशा है, इससे भगवती की प्रसन्नता के साथ छात्रोपकार हेतुकी सफलता की इसी प्रकार वृद्धि होती जायगी । इति शुभम् ।

पारिभाषिक-शब्दों का विवरण ।

संख्याव्युत्पादनम् = संख्याओं के स्वरूप आदि का निरूपण ।

राशिः = संख्या को राशि कहते हैं ।

उद्दिष्टसंख्या, निर्दिष्टसंख्या = प्रश्न में दी हुई संख्या ।

उक्तसंख्या = कही हुई संख्या ।

अभीष्टसंख्या = कोई मानली गई संख्या ।

संख्योल्लेखनम् = संख्याओं को अङ्कों में लिख कर प्रकट करना, इसको संख्योल्लेखन कहते हैं ।

संख्योल्लापनम् = लिखी हुई संख्याओं को पढना, इसको संख्योल्लापन कहते हैं ।

सङ्कलनम् = संख्याओं को एकत्र मिलाने से जो एक संख्या होती है उसके जानने की क्रिया को संकलन कहते हैं ।

योगः = संख्याओं को एकत्र मिलाने से जो एक संख्या होती है उसको योग कहते हैं ।

योज्यसंख्या = जिसमें कोई दूसरी संख्या जोडी जाती है उस संख्या को योज्य संख्या कहते हैं ।

योजकसंख्या = जो किसी दूसरी संख्या में जोडी जाती है उस संख्या को योजक संख्या कहते हैं, जैसे, २ इकाइयों में ५ इकाइयों को जोड़ने से ७ इकाइयां होती हैं, तब यहां २ को योज्य, ५ को योजक और ७ को योग कहते हैं, और २ में ५ को जोडने से ७ योग वा जोड होता है ऐसा कहते हैं ।

व्यवकलनम् = दो संख्याओं में बड़ी संख्या छोटी संख्या से कितनी अधिक है इसके जानने की क्रिया को व्यवकलन कहते हैं ।

वियोज्यसंख्या, वियोजकसंख्या = व्यवकलन की दो संख्याओं में बडी संख्या को वियोज्य और छोटी संख्या को वियोजक संख्या कहते हैं ।

शेषं वा अन्तरम् = दो संख्याओं में बड़ी संख्या से छोटी संख्या के तुल्य एक खण्ड अलग करने पर बड़ी संख्या का जो खण्ड बचेगा उसको शेष वा अन्तर कहते हैं जैसे, ४ और ३ इन दो संख्याओं में ४ इकाइयों से ३ इकाइयां अलग करने पर १ इकाई बच जाती है इसलिये ४ इस बड़ी संख्या को वियोज्य, ३ इस छोटी संख्या को वियोजक और १ इस संख्या को शेष वा अन्तर कहते हैं । और यहां ४ में ३ को घटाने से १ यह शेष वा बाकी बचता है, ऐसा व्यवहार में कहा जाता है ।

गुणनफलं, वधः, घातः, हतिश्च = दो संख्याओं में किसी एक संख्या में जितनी इकाइयां होंगी उतनी बार दूसरी संख्या को लिख कर उन सब संख्याओं का योग करने से जो एक संख्या होगी उसको गुणनफल, वध, घात वा हति कहते हैं ।

गुण्यः, गुणकः = उक्त दो संख्याओं में पहिली को गुण्य और दूसरी को गुणक कहते हैं ।

गुणनम् = ऐसे गुणनफल जानने का संकलन से भी जो सुलभ प्रकार होता है उसको गुणन कहते हैं । जैसे, ९ और ४ इन दो संख्याओं में ९ को तीन बार लिख कर उनका योग करने से २७ यह संख्या होती है इसलिये ९ को गुण्य ३ को गुणक और २७ को गुणन फल कहते हैं । यहां ९ और ३ का गुणनफल, हति, वध वा घात २७ होता है ऐसा कहा जाता है ।

लब्धिः वा भजनफलम्, भाज्यः, भाजकश्च = दो संख्याओं में पहिली संख्या के यदि उतने समान विभाग किये जाँय जितनी दूसरी संख्या है तो हर एक विभाग की जो संख्या होगी उसको लब्धि वा भजन फल कहते हैं और पहिली संख्या को भाज्य और दूसरी को भाजक कहते हैं । जैसे, ७२ और ९ इन दो संख्याओं में ७२ इस पहिली संख्या के यदि ९ समान टुकडे किये जाँय तो स्पष्ट है कि हर एक टुकडे की संख्या ८ होगी । इस लिये यहां ७२ को भाज्य ९ को भाजक और ८ को लब्धि वा भजन फल कहते हैं । और ७२ में ९ का भाग देने से ८ लब्धि आती है ऐसा कहते हैं ।

भागहारः वा भजनम् } इस भजनफल वा लब्धि के जानने के विधि को भागहार वा भजन कहते हैं।

पूर्णा लब्धिः, सावयवलब्धिः } भाज्य के भाजक के तुल्य खण्ड करने पर जहां कुछ शेष नहीं बचता है वहां पूर्ण लब्धि होती है और जहां कुछ शेष बच जाता है वहां शेष के नीचे एक रेखा खींच कर उसके नीचे भाजक को रखने से जो स्वरूप होगा उसके सहित जो लब्धि होगी उसको सावयव लब्धि कहते हैं। जैसे, ७२ में ९ का भाग देने पर ८ लब्धि आती है और शेष कुछ नहीं बचता इसलिये ८ यह पूर्ण लब्धि है। इसी तरह ६१ में ८ का भाग देने से ७ लब्धि और ५ शेष बचता है, इसलिये $७\frac{५}{८}$ इसको सावयव लब्धि कहते हैं। यहां $\frac{५}{८}$ इसको भिन्न संख्या कहते हैं। इसका मान १ से कम है और इस भिन्न संख्या से यह सूचित किया जाता है कि १ के समान आठ भाग करके उनमें से ५ भाग लिये गये हैं ऐसा ही सर्वत्र समझना चाहिये।

अपवर्त्यः, अपवर्तनम् } दो संख्याओं में छोटी संख्या का बड़ी संख्यामें भाग देने से यदि कुछ शेष न रहे तो बड़ी संख्या को छोटी संख्या का अपवर्त्य और छोटी संख्या को बड़ी संख्या का अपवर्तन कहते हैं। जैसे, ४८ में ६ का निःशेष भाग दिया जा सकता है इसलिये ४८ को ६ का अपवर्त्य और ६ को ४८ का अपवर्तन कहते हैं।

दृढसंख्या, अदृढसंख्या } जो संख्या १ को छोड़ कर किसी अन्य संख्या से निःशेष नहीं होती है उसको दृढसंख्या कहते हैं और जो १ को छोड़ कर किसी अन्य संख्या से निःशेष होती है उसको अदृढ संख्या कहते हैं। जैसे, २,३,५,७,११ इत्यादि दृढ संख्या हैं, और ४, ६, ९, इत्यादि अदृढ संख्या हैं।

सावयवराशिः } = छोटी जाति के राशि को बडी जाति के राशि का अवयव
वा मिश्रराशिः } कहते हैं । जैसे, रुपये के आना, पाई यह अवयव हैं । अपने से छोटी जाति के राशियों से युक्त कोई बडी जाति का राशि सावयवराशि वा मिश्रराशि कहा जाता है । जैसे, ५ रु० ३ आ० १० पा०, इसमें ५ रु० यह सावयव वा मिश्र राशि है ।

सवर्णनम् = जिस क्रिया से कोई सावयवराशि निरवयव अर्थात् अपने अन्तिम अवयव की जाति का हो जाता है किन्तु उसके मान में कुछ फरक नहीं होता है उस क्रिया को सवर्णन कहते हैं । जैसे सवर्णन क्रिया से १ रुपया २ आना ३ पाई का २१९ पाइयों में परिवर्तन किया जाता है ।

विवर्णनम् = जिस क्रिया से कोई छोटी जाति का राशि बिना उसके मान में कुछ परिवर्तन हुए उत्तरोत्तर अपने से बड़ी जाति में परिवर्तित हो जाता है उस क्रिया को विवर्णन कहते हैं । जैसे, विवर्णन क्रिया से २१९ पा० का १ रु० २ आ० ३ पा०, इस सावयवराशि में परिवर्तन किया जाता है ।

* श्रीः *

गणितकौमुदी

विघ्नपर्वतवज्राय पार्वतीप्रियसूनवे ।
नमो गणाधिनाथाय बुद्धिसिद्धिप्रदायिने ॥ १ ॥
क्षीराब्धेस्तनयां वन्दे मुकुन्दद्रुमवल्लरीम् ।
यत्कृपापाङ्गपातेन सद्यो रङ्कोऽपि राजति ॥ २ ॥
प्रणम्य पितरं बापूदेवं ज्योतिर्विदां गुरुम् ।
देवो गणपतिः सोऽहं कुर्वे गणितकौमुदीम् ॥ ३ ॥

तत्र

संख्याव्युत्पादनम् ।

(१) प्रक्रमः-यः कोऽपि पदार्थः स्वसजातीयपदार्थान्तरविरहितोऽपेक्ष्यते स एकत्वेन विशिष्यते । यथा, एको मनुजः,एको हस्तीत्यादि ।

(जो कोई पदार्थ अपने सजातीय अन्यपदार्थों को छोड़ कर अपेक्षित होता है उसमें एक यह विशेषण लगाया जाता है । जैसे, एक मनुष्य, एक हाथी इत्यादि ।)

(२) एकत्वं तत्समुदायश्च संख्योच्यते । यथा, एकश्चैकश्च द्वौ । एकश्चैकश्चैकश्च त्रयः । एवं चतुःपञ्चषट्सप्ताष्टनवदशादयः संख्या भवन्ति ।

(एकत्व और उसके समुदाय को संख्या कहते हैं । जैसे, एक और एक मिलकर दो यह संख्या होती है । एक, एक और एक मिल कर तीन यह संख्या होती है । इसी प्रकार चार, पांच, छ, सात इत्यादि संख्या होती हैं ।)

(३) एकद्व्यादिसंख्याभिर्यद्गण्यते तदङ्कगणितमुच्यते ।

(एक दो आदि संख्याओं से जो गणित किया जाता है उसको अङ्कगणित कहते हैं ।)

(४) संख्याभिर्गणयितुम्पूर्वं सकलसंख्यानाम्पृथक् २ संज्ञास्तत-स्तद्द्योतकाङ्कांश्च परिकल्प्य तद्द्वारा संख्यावबोधनमतीवावश्यकम् । अन्यथा गणितनिर्वाहो न स्यात् । परञ्च प्रत्येकसंख्यायाः संज्ञापरि-कल्पने तज्ज्ञापकाङ्ककल्पने च संख्यानामानन्त्यात्तत्संज्ञाभिस्तज्ज्ञाप-काङ्कैश्च सकलसंख्यासङ्केतग्रहस्यासम्भवाद्गणितनिर्वाहो दुःशक एव । अतः पूर्वाचार्यैः संख्यानां संज्ञापरिकल्पनेऽयमनुगमः कृतः । यथा, प्रथमसंख्यायाः 'एक' इति संज्ञां कृत्वा तस्यामेकैकसंख्यायोजनेन क्र-मशो द्वौ, त्रयः, चत्वारः, पञ्च, षट्, सप्त, अष्ट, नव, दश, एतावत्यः पृथक् २ संज्ञाः कल्पिताः । ततो दशसंख्यायां दशवारमेकसंख्यायोज-नेन याः संख्या भवन्ति तासामेकादश, द्वादशेत्यादिविंशतिपर्यन्तं संज्ञाः कृताः । एवं विंशतिसंख्यायां दशवारमेकसंख्यायोजनेन याः संख्या भवन्ति तासामेकविंशति, द्वाविंशतीत्यादित्रिंशत्पर्यन्तं संज्ञाः कल्पि-ताः । अनेनैव क्रमेणैकत्रिंशत्प्रभृतिशतपर्यन्तं संज्ञाः कृताः । ततो दश-संख्यायां नववारं दशसंख्यायोजनेन दशगुणदशसंख्या संजायते । तस्याः शतसंज्ञा कृता । शतसंख्यायां नववारं शतसंख्यायोजनेन दश-गुणशतसंख्या सहस्रसंज्ञिका भवति । दशगुणसहस्रसंख्या चायुत-संज्ञिका भवतीत्येवंक्रमेण लक्षप्रभृतिपरार्धपर्यन्तमुत्तरोत्तरं दशगु-णानां संख्यानां संज्ञाः कृताः । ताश्च क्रमेणैकदशशतसहस्रायुतलक्षप्र-युतकोट्य र्बुदाब्जखर्वमहापद्मशङ्कुजलध्यन्त्यमध्यपरार्धानि भवन्ति । एवमेव शतादुपर्यवान्तरसंख्यानामेकाधिकशतं, द्व्यधिकशतं, त्र्यधिक-शतं.....एकाधिकसहस्रं, द्व्यधिकसहस्रमित्यादयः संज्ञाः कल्पिताः ।

(संख्या से गणित करने के लिये पहिले सब संख्याओं की अलग अलग संज्ञा निश्चित कर के फिर उन संख्याओं को दिखलाने वाले अङ्क अर्थात् चिन्ह कल्पना कर के उनके द्वारा उन संख्याओं का बोध कराना परमावश्यक होता है । इसके बिना गणित का निर्वाह न होगा । परन्तु संख्या अनन्त हैं, इस लिये उनकी अलग २ संज्ञाएँ और उनके द्योतक अङ्क कल्पना करके उनके द्वारा उन संख्याओं का बोध कराना असम्भव होने से गणित का निर्वाह अत्यन्त अशक्य होगा । इस लिये प्राचीन आचार्यों ने संख्या की संज्ञाकल्पना करने का ऐसा अनुगम किया है कि पहिली संख्या का नाम 'एक' यह रख कर उसमें एक एक जोडने से जो संख्याएँ होंगी

उनकी क्रम से दो, तीन, चार, पांच, छ, सात, आठ, नौ और दस इतनी संज्ञा की हैं। फिर दस में दस बार एक जोडने से जो संख्या होंगी उनकी ग्यारह, बारह इत्यादि बीस तक संज्ञा की हैं। फिर बीस में दस बार एक जोडने से जो संख्या होंगी उनकी इक्कीस, बाईस इत्यादि तीस तक संज्ञा की हैं। इस प्रकार इकतीस से लेकर सौ तक संज्ञा ठहराई हैं। फिर दसमें नौ बार दस जोडने से दस गुने दस होते हैं, उनको 'सौ' यह संज्ञा रक्खी है। सौ में नौ बार सौ जोडने से दस गुने सौ होते हैं, उनकी 'हजार' यह संज्ञा रक्खी है। इस प्रकार दस गुने हजार को 'अयुत वा दसहजार' यह संज्ञा की है। इसी क्रम से लक्ष से परार्ध पर्यन्त उत्तरोत्तर दस दस गुनी संख्याओं की संज्ञा ठहराई हैं। उनके नाम क्रम से यह हैं:—

संज्ञा	द्योतक अङ्क
एक अर्थात् इकाई... ...	...१
दश अर्थात् दस वा दहाई...	...१०
शत अर्थात् सौ वा सैकड़ा	...१००
सहस्र अर्थात् हजार ...	...१०००
दश सहस्र वा अयुत अर्थात् दस हजार	...१००००
लक्ष अर्थात् लाख... ...	...१०००००
दशलक्ष वा प्रयुत अर्थात् दस लाख	...१००००००
कोटि अर्थात् करोड़ ...	...१०००००००
दशकोटि वा अर्बुद अर्थात् दस करोड़	...१००००००००
अब्ज	...१०००००००००
दशअब्ज वा खर्व	...१००००००००००
निखर्व	...१०००००००००००
दशनिखर्व वा महापद्म ...	...१००००००००००००
शङ्कु	...१०००००००००००००
दशशङ्कु वा जलधि	...१००००००००००००००
अन्त्य...	...१०००००००००००००००
दशअन्त्य वा मध्य	...१००००००००००००००००
परार्ध	...१०००००००००००००००००

इसी प्रकार सौ से ऊपर बीच की जो संख्या हैं उनकी एक सौ एक, एक सौ दो, एकसौ तीन.....एक हजार एक, एक हजार दो इत्यादि संज्ञा नियत की गई हैं।)

(५) एवमेवैकद्वित्रिचतुःपञ्चषट्सप्ताष्टनवाभिधसंख्यानां क्रमेण १, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९ एते द्योतकाङ्का नव परिकल्पिताः । अथ चाय ० मङ्कोऽभावद्योतकः शून्यसंज्ञः कल्पितः । एभिरेव दशभिरङ्कैस्सकलसंख्याप्रदर्शनाय पूर्वाचार्यैरित्थं कल्पितं, यदेकएवाङ्कः स्वद्योत्यसंख्याम्प्रदर्शयति । तद्वामभागे स्थितो द्वितीयस्थानीयोऽङ्को दशगुणस्वद्योत्यसंख्यां द्योतयति । तस्यापि वामभागे स्थितस्तृतीयस्थानगतोऽङ्कश्शतगुणस्वद्योत्यसंख्यां सूचयति । एवमग्रेऽपि ज्ञेयम् । यथा, ७५ इह प्रथमस्थानस्थः ५ अयमङ्कः पञ्चानां द्योतकोऽस्ति, परन्तु तद्वामभागे स्थितो द्वितीयस्थानगतोऽय ७ मङ्को न सप्तानां द्योतकः, अपि तु सप्ततेर्ज्ञापकोऽस्ति । अतोऽयं ७५ पञ्चसप्ततेर्द्योतकः । एवंरीत्या सकलसंख्या अङ्कैर्द्योतिता भवन्ति । अनया पूर्वाचार्यकल्पनया दशैवाङ्कास्तत्तत्स्थानसम्बन्धात् , स्थानानि वा तत्तदङ्कसम्बन्धाद्यथास्वं तां तां संख्यां ज्ञापयेयुरिति सकलसंख्यावगमसौलभ्याद्गणितनिर्वाहः सुशकः ।

(इसी प्रकार एक, दो, तीन, चार, पांच, छ, सात, आठ और नौ इन संख्याओं के क्रम से १, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९ यह नौ द्योतक अङ्क कल्पना किये हैं। और संख्या के अभाव का द्योतक ० इस चिन्ह की कल्पना करके उसकी 'शून्य' यह संज्ञा रक्खी है। इन्हीं दस अंकों से सब संख्याओं को द्योतित करने के लिये प्राचीन आचार्यों ने ऐसी कल्पना की है कि कोई एक अङ्क अपनी द्योत्यसंख्या को सूचित करता है। उसकी बाईं तरफ का दूसरे स्थान का अङ्क दसगुनी अपनी द्योत्य संख्या को सूचित करता है। और उसकी बाईं तरफ का तीसरे स्थान का अङ्क सौगुनी अपनी द्योत्यसंख्या को सूचित करता है। इसी तरह आगे भी समझना चाहिये। जैसे, ७५ इस संख्या का प्रथम स्थान का ५ यह अङ्क पांच का द्योतक है। परन्तु उसकी बाईं तरफ द्वितीयस्थान का ७यह अङ्क सात का द्योतक नहीं है, किन्तु सत्तर का द्योतक है। इस लिये ७५ यह पचहत्तर संख्या का ज्ञापक होता है। इस प्रकार सब संख्याएँ अङ्कों से द्योतित की जाती हैं।। इस पूर्वाचार्यों की कल्पना से यही दस अङ्क उस उस स्थान के सम्बन्ध से अथवा स्थान उस उस अङ्क के सम्बन्ध से सब संख्याओं को बड़े लाघव से द्योतित कर सकते हैं, इसलिये समग्र गणित का निर्वाह बड़ी सुगमता से हो सकता है।)

संख्योल्लेखनम् ।

(६) कस्याश्चित्संख्याया अङ्कैर्विलिख्य द्योतनं संख्योल्लेखनमुच्यते ।

(किसी संख्या को अङ्कों में लिख कर द्योतित करना इसको संख्योल्लेखन कहते हैं।)

(७) उद्दिष्टसंख्या तदेकदशशतादिस्थानाङ्कैर्वामक्रमेण स्थापितैर्द्योत्यते । अयमर्थः (५) प्रकमतः सिद्धोऽप्युदाहरणद्वाराऽतितरां स्पष्टीक्रियते । यथा, चतुर्विंशतिसहस्राणि पञ्चदशोत्तरत्रिशती च, एतत्संख्याया अङ्कैर्द्योतनमपेक्ष्यते । अत्र पञ्चदशसंख्यायामेकस्थानीयोऽस्य ५ मङ्कोऽस्ति, तद्वामभागे दशस्थानीयाङ्कस्य १ अस्य संनिवेशेन स्थानद्वयस्य १५ इदमङ्कद्वयं जातम् । ततः शतस्थानगताङ्कस्य ३ अस्य तदङ्कद्वयवामभागे स्थापनेन स्थानत्रयस्य ३१५ इदमङ्कत्रयं जातम् । ततश्चतुर्विंशतिसहस्रेषु चतुर्थस्थानगतोऽय ४ मङ्कस्तथा पञ्चमस्थानीयोऽयुतस्थानीयो वा २ अयमङ्को वर्तते, अनयोः क्रमेण चतुर्थ पञ्चमे च स्थाने स्थापनेन स्थानपञ्चकस्य २४३१५ इदमङ्कपञ्चकं संजातम् । एवमुद्दिष्टसंख्याद्योतकाः २४३१५ इमेऽङ्का भवन्ति । अत्रैकत्वमप्यवारं, एकं दशकं, त्रीणि शतानि, चतुर्विंशतिसहस्राणि च सन्ति । अत्रेदमप्यवधेयं यत् १० तः ९९ पर्यन्तं दशस्थानाङ्काः, १० सहस्रतः ९९ सहस्रपर्यन्तं दशसहस्रस्थानाङ्काः, १० लक्षतः ९९ लक्षपर्यन्तं दशलक्षस्थानाङ्काः, १० कोटितः ९९ कोटिपर्यन्तं दशकोटिस्थानाङ्का भवन्तीति । एवमग्रेऽपि ज्ञातव्यम् ।

(अभीष्ट संख्या उसके एक दश शत आदि स्थानों के अङ्कों को दाहिनी तरफ से बाईं तरफ क्रम से रखने से दिखलाई जाती है । यह बात (५) प्रकम में दिखलाये हुए प्रकार से सिद्ध होने पर भी उसको उदाहरण द्वारा और स्पष्ट करते हैं। जैसे, चौबीस हजार तीन सौ पन्दरह, इस संख्या को अङ्कों में दिखलाना हो तो यहां पन्दरह इस संख्या में एक स्थानका ५ यह अङ्क है, उसकी बाईं तरफ दश स्थान के १ इस अङ्क को रखने से दो स्थानों के १५ यह दो अङ्क हुए, फिर शत स्थान के ३ इस अङ्क को उन दो अङ्कों की बाईं तरफ रखने से तीन स्थानों के ३१५ यह तीन अङ्क हुए, फिर चौबीस हजार में चतुर्थ स्थान का ४ यह अङ्क है और पांचवे वा दशसहस्र क स्थान

का २ यह अंक है इन दोनों को उन तीन अङ्कों की बाईं तरफ क्रम से चौथे और पांचवें स्थान में रखने से पांच स्थानों के २४३१२ यह पांच अङ्क हुए। इस प्रकार उद्दिष्ट संख्या के द्योतक २४३१२ यह अङ्क हुए। इस संख्या में पांच इकाइयां, एक दहाई, तीन सैकडे और चौबीस हजार हैं। यहां इस बात को ध्यान में रखना चाहिये कि १० से ९९ तक दहाई के स्थान के अङ्क होते हैं, १० हजार से ९९ हजार तक दस हजार के स्थान के अङ्क होते हैं, १० लाख से ९९ लाख तक दस लाख के स्थान के अङ्क होते हैं, और १० करोड से ९९ करोड तक दस करोड के स्थान के अङ्क होते हैं। इस प्रकार १० अरब से ९९ अरब तक दस अरब स्थान के अङ्क होते हैं इत्यादि आगे भी जान लो।)

(८) किन्तु कस्याश्चित्सङ्ख्याया अङ्कैर्विलेखने तदन्तिमस्थानीयां कआदौ लेख्यः। ततस्तदक्षिणपार्श्वे तत्पूर्वस्थानगतोऽङ्को लेख्यः। एवं क्रमेणैकस्थानीयाङ्कं यावत्सर्वेऽङ्का लेख्याः। यथा, पञ्चसहस्राणि सप्तदशोत्तरत्रिशती च, अस्याः संख्याया अङ्कैर्लेखने, अत्रान्तिमं सहस्रस्थानं तदङ्कः ५ अयमादौ लेख्यः, ततस्तत्पूर्वशतस्थानस्थाङ्कः ३ अयं ५ अस्य दक्षिणपार्श्वे लेख्यः, ततस्तत्पूर्वदशस्थानगतः १ अयमङ्कः ३ अस्य दक्षिणभागे लेख्यः, एवन्तत्पूर्वैकस्थानीयः ७ अयमङ्कः १ अस्य दक्षिणभागे लेख्यः। अत उक्तसंख्याद्योतका ५३१७ इमेऽङ्कास्संजाताः।

(परन्तु किसी संख्या को अङ्कों में लिखना हो तो उस संख्या के अन्तिम स्थान के अङ्क को पहिले लिखो। इसके बाद इसकी दाहिनी तरफ अन्तिम स्थान से पहिले स्थान का जो अङ्क हो उसको लिखो। इसी क्रम से एक स्थान तक के सब अङ्कों को लिखो। जैसे, पांच हजार तीन सौ सत्रह, इस संख्या को अङ्कों में लिखना है, तब यहां अन्तिम सहस्र स्थान है उसके ५ इस अङ्क को पहिले लिखो, फिर उससे पहिले के शत स्थान के ३ इस अङ्क को ५ इसकी दाहिनी ओर लिखो, फिर उससे पहिले के दश स्थान के १ इस अङ्क को ३ इसकी दाहिनी तरफ लिखो, फिर उससे पहिले के एक स्थान के ७ इस अङ्क को १ इसकी दाहिनी तरफ लिखने से उक्त संख्या के द्योतक ५३१७ यह अङ्क हुए।)

(९) उद्दिष्टसंख्यायां यथासम्भवमेकदशशतादिस्थानाभावे तत्स्थानपूरणाय शून्यं निवेश्यते। यथा, सप्तोत्तरशतद्वये २०७ अस्मिन् दशस्थानस्याभावाद्द्वितीयस्थाने शून्यं निवेशितम्। एवमष्टौ कोट्यः

पञ्चसहस्राणि चतुर्विंशतिश्च, एतत्संख्याया अङ्कैर्विलिख्य द्योतने, अत्र कोटिस्थानाङ्कः ८, दशलक्षस्थानाङ्कः ०, लक्षस्थानाङ्कः ०, दशसहस्रस्थानाङ्कः ०, सहस्रस्थानाङ्कः ५, शतस्थानाङ्कः ०, दशस्थानाङ्कः २, एकस्थानाङ्कश्च ४ वर्तते, अतः ८००५०२४ इमेऽभीष्टसंख्याद्योतकाङ्का भवन्ति। एवं सहस्रसंख्यालेखने तत्रैकदशशतस्थानाभावात्सहस्रस्थानीयाङ्कादूर्ध्वं शून्यत्रयं लेख्यम्। यथा, पञ्च सहस्राणि ५०००। तथैव लक्षसंख्यालेखने तत्रैकदशशतसहस्रायुतस्थानाभावाल्लक्षस्थानगताङ्कादूर्ध्वं शून्यपञ्चकं लेख्यम्। यथा, अष्टौ लक्षाणि ८००००।

(अभीष्ट संख्या में सम्भवतः जहां एक, दश, शत आदि स्थानों का अभाव होता है वहां उन स्थानों की पूर्ति करने के लिये शून्य रक्खे जाते हैं। जैसे, दो सौ सात २०७ इस संख्या में दश स्थान का अभाव होने से उस के पूर्ति के लिये द्वितीय स्थान में शून्य रक्खा गया है। इसी तरह, आठ करोड़ पांच हजार चौबीस, इस संख्या को अङ्कों में लिखना हो तो, यहां कोटि स्थान का अङ्क ८, दश लक्ष स्थान का अङ्क ०, लक्ष स्थान का अङ्क ०, दश सहस्र स्थान का अङ्क ०, सहस्र स्थान का अङ्क ५, शत स्थान का अङ्क ०, दश स्थान का अङ्क २, और एक स्थान का अङ्क ४ है, इस लिये उद्दिष्ट संख्या के द्योतक ८००५०२४ यह अङ्क हुए। इसी प्रकार सहस्र संख्या के लिखने में, इकाई दहाई, सैकड़ा इन तीन स्थानों का अभाव होने से सहस्र स्थान के अङ्क के बाद तीन शून्य लिखे जाते हैं। जैसे, पांच हजार ५०००। उसी प्रकार लक्ष संख्या के लिखने में इकाई, दहाई, सैकडा, हजार, दस हजार इन पांच स्थानों का अभाव होने से लक्ष स्थान के अङ्क के बाद पांच शून्य लिखे जाते हैं। जैसे, आठ लाख ८००००।)

अभ्यासार्थमुदाहरणानि (१)।

एता अधोलिखितसंख्या अङ्कैर्लेख्याः।

(इन नीचे लिखी संख्याओं को अङ्कों में लिखो।)

(१) त्र्यधिकं शतम्। विंशत्यधिकशतद्वयम्। पञ्चोत्तरत्रिशती। पञ्चशतानि। अष्टौ शतानि त्रयोदश च।

(एक सौ तीन। दो सौ बीस। तीन सौ पांच। पांच सौ। आठ सौ तेरह।)

(२) सहस्रद्वितयम्। पञ्चसहस्राणि दशाधिकनवशती च। षट्सहस्राणि द्व्युत्तरशतद्वयञ्च। सप्त सहस्राणि नव च।

(दो हजार। पांच हजार नौ सौ दस। छ हजार दो सौ दो। सात हजार नौ।)

(३) सप्तत्रिंशत्सहस्राणि त्र्यशीत्युत्तरशतद्वयञ्च । चत्वारिंशत्सहस्राणि । त्रिचत्वारिंशत्सहस्राणि सप्तशतानि च। सप्ततिसहस्राणि पञ्च च। पञ्चसप्ततिसहस्राणि दश च। त्रिनवतिसहस्राणि त्र्युत्तरशतत्रयञ्च ।

(सैंतीस हजार दो सौ तिरासी। चालीस हजार। तिरताळीस हजार सात सौ। सत्तर हजार पांच। पचहत्तर हजार दस। तिरानबे हजार तीन सौ तीन।)

(४) लक्षमेकं चतुर्दशसहस्राणि पञ्चविंशत्युत्तरशतम्। लक्षत्रयं पञ्चविंशतिसहस्राणि द्व्यशीतिश्च । लक्षचतुष्टयं सहस्रद्वितयञ्च । षट्लक्षाणि द्वौ च। सप्तलक्षाणि पञ्चदशसहस्राणि च। नवलक्षाणि त्र्युत्तरशतत्रयञ्च ।

(एक लाख चौदह हजार एक सौ पचीस। तीन लाख पचीस हजार बयासी। चार लाख दो हजार। छ लाख दो। सात लाख पन्द्रह हजार। नौ लाख तीन सौ दो।)

(५) द्वादशलक्षाणि षट्पञ्चाशत्सहस्राणि पञ्चोत्तरशतम्। षट्सप्ततिलक्षाणि सहस्रत्रयं पञ्च च। कोटिद्वयं एकोनत्रिंशल्लक्षाणि दशसहस्राणि सप्तशतानि त्रयोदश च । चतुर्विंशतिकोट्यः लक्षत्रयं षट्शतानि पञ्चदश च। त्रिंशत्कोट्यः लक्षपञ्चकंसहस्रद्वयं पञ्चदश च ।

(बारह लाख छप्पन हजार एक सौ पांच। छिहत्तर लाख तीन हजार पांच। दो करोड़ उनतीस लाख दस हजार सात सौ तेरह। चौबीस करोड तीन लाख छ सौ पन्द्रह। तीस करोड पांच लाख दो हजार पन्द्रह।)

(६) पञ्चाब्जानि कोटित्रयं सप्तलक्षाणि पञ्चोत्तरशतम्। द्वात्रिंशदब्जानि लक्षमेकं अष्टाविंशतिसहस्राणि पञ्च च। एकपञ्चाशदब्जानि चतस्रःकोट्यः षट्सहस्राणि त्र्युत्तरशतद्वयञ्च । षष्ट्यब्जानि अष्टौ कोट्यः चतुर्दशलक्षाणि पञ्चत्रिंशत्सहस्राणि सप्त च। नवनवत्यब्जानि सहस्रमेकं चत्वारश्च ।

(पांच अरब तीन करोड सात लाख एक सौ पांच। बत्तीस अरब एक लाख अट्ठाईस हजार पांच। इक्यावन अरब चार करोड छ हजार दो सौ तीन। साठ अरब आठ करोड चौदह लाख पैंतीस हजार सात। निन्यानबे अरब एक हजार चार।)

(७) निखर्वत्रयं अब्जद्वयं सप्तकोट्यः पञ्चपञ्चाशल्लक्षाणि नवसहस्राणि षडुत्तरशतञ्च। सप्तदशशङ्खवः अष्टाविंशतिनिखर्वाणि एको-

नविंशत्यब्जानि चतुस्त्रिंशत्कोटयः लक्षचतुष्टयं अष्टादशसहस्राणि द्विसप्तत्यधिकशतत्रयञ्च । अन्त्यद्वयं एकनवतिशङ्कवः त्रिंशन्निखर्वाणि षट्पञ्चाशदब्जानि अष्टौ कोटयः त्रयोदशलक्षाणि पञ्चत्रिंशत्सहस्राणि सप्तदश च ।

(तीन निखर्व दो अब्ज सात करोड़ पचपन लाख नौ हजार एक सौ छ । सत्रह शङ्कु अट्ठाईस निखर्व उन्नीस अब्ज चौंतीस करोड़ चार लाख अट्ठारह हजार तीन सौ बहत्तर । दो अन्त्य इक्यानवे शङ्कु तीस निखर्व छप्पन अब्ज आठ करोड़ तेरह लाख पैंतीस हजार सत्रह ।)

(८) अष्टभिरेकैः ; पञ्चभिर्दशकैः षट्भिरेकैश्च ; नवभिर्दशकैः ; दशभिर्दशकैः ; चतुर्विंशतिदशकैश्चतुर्भिरेकैश्च ; त्रिभिः शतैः पञ्च-भिर्दशकैर्नवभिरेकैश्च ; अष्टभिःशतैस्त्रिभिरेकैश्च ; दशभिर्दशकैश्च याः संख्या भवन्ति ता लिख ।

(आठ इकाइयों सेः पांच दहाइयों और छ इकाइयों सेः नौ दहाइयों सेः दस दहाइयों सेः चौबीस दहाइयों और चार इकाइयों सेः तीन सैकड़ों पांच दहाइयों और नौ इकाइयों सेः आठ सैकड़ों और तीन इकाइयों से और दस सैकड़ों से जो जो संख्या बनती हैं उनको लिखो ।)

(९) १०५, ४२०, १७ एष्वेकत्वं कतिवारं, कति दशकानि, कति शतानि च सन्ति ।

(१०५, ४२०, १७ इनमें कितनी इकाइयां, दहाइयां और सैकड़े हैं ।)

(१०) ३५६ अस्यां संख्यायाम्प्रत्येकाङ्कस्य किम्मानम् ?

(३५६ इस संख्या में ३ का क्या मान है ? ५ का क्या मान है ? और ६ का क्या मान है ?)

(११) ५६५ अत्र वामपार्श्वस्थः ५ अयमङ्को दक्षिणपार्श्वस्थात् ५ अस्मात्कियद्गुणो वर्तते ।

(५६५ इसमें बाईं तरफ वाला ५ दाहिनी तरफ वाले ५ से कितने गुना है ।)

(१२) वामक्रमेण गणनयायुतसंख्या कस्मिन्स्थाने भवति ।

(दाहिने हाथ से बाएं हाथ की तरफ गिनने में दस हजार की संख्या किस जगह पर आती है ।)

(१३) १ अस्याङ्कस्य कस्मिन्पार्श्वे कस्य लेखनेन सहस्रसंख्या

जायते। तथा सहस्रसङ्ख्यायाः कस्मिन्पार्श्वे कस्य लेखनेन लक्षसङ्ख्या भवति।

(१ इस अङ्क के किस तरफ क्या लिखने से हजार होते हैं। और हजार के किस तरफ क्या लिखने से लाख होते हैं।)

(१४) प्रयुतसंख्यामङ्कैर्विलिख्य तत्र कति शून्यानि, १ अयमङ्कश्च कस्मिन् स्थाने भवतीति वद।

(दस लाख को अङ्कों में लिखकर उसमें कितने शून्य होते हैं और १ यह अंक किस स्थान में आता है यह कहो।)

(१५) १७९६५४३२८ अस्मिन् १, २, ३, ४ प्रभृत्यङ्का एकदशशतादिस्थानानां केषु स्थानेषु वर्तन्ते।

(१७९६५४३२८ इसमें १, २, ३, ४ आदि अङ्क इकाई, दहाई के किन किन जगहों पर हैं।)

(१६) सहस्रे कति शतानि, लक्षे कति सहस्राणि, कोटौ कति लक्षाणि भवन्ति।

(एक हजार में कितने सैकड़े होते हैं, एक लाख में कितने हजार होते हैं और एक करोड़ में कितने लाख होते हैं।)

संख्योल्लापनम्।

(१०) अङ्कैर्द्योतितसंख्यायाः पठनं संख्योल्लापनमित्युच्यते।

(अङ्कों से दिखलाई हुई किसी संख्या के पढ़ने को संख्योल्लापन कहते हैं।)

(११) कस्याश्चित्संख्यायाः पठने तस्या दक्षिणपार्श्वस्थान्तिमाङ्कमारभ्य वामपार्श्वस्थान्तिमाङ्कपर्यन्तमप्रत्यङ्कमेकदशशतादिस्थानानि क्रमेण गणयित्वा सर्वेषामङ्कानाम्पूर्वं स्थानानि ज्ञातव्यानि। ततः संख्या दक्षिणक्रमेण पठनीया। किञ्च पठने यस्याङ्कस्य यत्स्थानं भवेत्तेनाङ्केन सह तत्स्थानमपि पठनीयम्। तथा दशायुतप्रयुतार्बुददशाब्जदशनिखर्वदशशङ्कुस्थानस्थाङ्काः स्वपूर्वस्थानस्थाङ्कैस्सहैव पठ्यन्ते। परञ्च यस्यां संख्यायामङ्कचतुष्टयम्भवेत्तत्र शतस्थानीयोऽङ्कस्सहस्रस्थानीयाङ्केन सहैव कदाचित्पठयते। यथा, १५२० अस्यास्संख्यायाः, पञ्चदशशतानि विंशतिश्च, एवमपि पठनम्भवति। उदाहरणम्, ११५४०५४० एतां संख्यां शब्दैर्द्योतय। अत्र दक्षिणपार्श्व-

स्थात् ० अस्मादन्तिमाङ्कात्प्रत्यङ्कमेकदशादिस्थानगणनया वामपार्श्व-स्थः १ अयमन्तिमाङ्कः कोटिस्थानीयोऽस्तीति ज्ञायते । अतउक्तसंख्यां,

१	१	५	४	०	५	४	०

कोटि प्रयुत लक्ष अयुत सहस्र शत दश एक

इत्थं विभज्य, एका कोटिः पञ्चदश लक्षाणि चत्वारिंशत्सहस्राणि पञ्चशतानि चत्वारिंशच्च, एवं सा पठनीया ।

(किसी संख्या के पढ़ने में उसकी दाहिनी तरफ के अन्तिम अङ्क से लेकर बाईं तरफ के अन्तिम अङ्क तक प्रत्येक अङ्क पर एक, दश, शत आदि स्थानों को क्रम से गिन कर उन सब अङ्कों के स्थानों को पहिले जान लो । फिर उस संख्या को बाएं हाथ से दाहिने हाथ की तरफ पढ़ना शुरू करो । और पढ़ने में जिस अङ्क का जो स्थान हो उसको उस अङ्क के साथ पढ़ो । और दहाई, दस हजार, दस लाख, दस करोड़, दस अब्ज, दस निखर्व और दस शङ्ख इन स्थानों के अङ्कों को इनसे पहिले स्थान के अङ्कों के साथ पढो । परन्तु कभी कभी चार अङ्कों की संख्या को पढ़ने में शत स्थान का अङ्क सहस्र स्थान के अङ्क के साथ ही पढा जाता है । जैसे, १५२० इस संख्या को, पन्द्रह सौ बीस, ऐसा भी पढ़ते हैं ।

उदाहरण, ११५४०५४० इस संख्या को शब्दों में लिखो ।

यहां दाहिनी तरफ के ० इस अन्तिम अङ्क से लेकर प्रत्येक अङ्क पर इकाई, दहाई आदि स्थानों को गिनने से बाईं तरफ का १ यह अन्तिम अङ्क कोटि स्थान का है यह मालूम हुआ । इसलिये उक्त संख्या को,

१	१	५	४	०	५	४	०

करोड़ दसलाख लाख दसहजार हजार सैकड़ा दहाई इकाई

इस तरह विभक्त करके, एक करोड़ पन्द्रह लाख चालीस हजार पांच सौ चालीस, इस प्रकार उसको पढना चाहिये ।)

अभ्यासार्थमुदाहरणानि (२) ।

अधोलिखितसंख्याश्शब्दैर्लेख्याः ।

(नीचे लिखी संख्याओं को शब्दों में लिखो ।)

(१) ३०१; ४०६; ५३०; ६५६; ७५४; १६८; ६७५; ८३४ ।

(२) १०१५; ५०४०; २५४६; २८३५; ४००१; ८०६०; ७०३६; ६८७७; ८६०५; ७६८० ।

(३) २०३४८; ३४०३५; ४१५०८; ६२०७०; ७००१४; १५००८; ७०००१; १४२३१६; ६८७५३१; ३४५६७० ।

(४) २७१५४३१; २३००२४७; ३४१००३०; ४४३५०४२; ५४८२२५०६; ७८०६५४०१ ।

(५) ६५०३७५२; ७५३६००८; ८६००८००; ८७०५३०६; ६००६१७२; १००२००३०; ३४२१२५६८ ।

(६) ६०८०७०६०; १३५०२७१४५; १५७८०२०६८; २०३००४०००; २७६००४१२३; ३६६२५८१४७; ५३०७१६२४६ ।

(७) ६०१०२६४६८; ६३०७४१८५२; ६७८२१०३५७; ७००६०८२०५; ६००६००३००; ८५००६००१३ ।

(८) ६८७६५४३२१०; १३०७८०३२६८५; २५३७६५७००४२; ६७२०४०००२६६; ६०१६६०२०३४८; ४०३०२४०००१७०५४२३ ।

सङ्कलनम् ।

(१२) द्वयोरनेकासां वा संख्यानामेकीकरणविधिस्सङ्कलनशब्देन व्यवह्रियते ।

(दो वा बहुत संख्याओं को एकत्र मिलाने का जो विधि होता है उसको सङ्कलन कहते हैं ।)

(१३) यस्यां संख्यायां काचनापरा संख्या योज्यते सा योज्यसंख्येत्युच्यते, या च योज्यते सा योजकसंख्या कथ्यते ।

(जिस संख्या में कोई दूसरी संख्या जोड़ी जाती है उसको योज्य संख्या, और जो संख्या जोड़ी जाती है उसको योजक संख्या कहते हैं ।)

(१४) + इदं सङ्कलनद्योतकं चिह्नं धनसंज्ञं भवति । द्वयोस्संख्ययोर्मध्य एतच्चिह्नं यदा स्थाप्यते, तदेदं चिह्नं प्रथमसंख्यायां द्वितीयसंख्या योज्यास्तीति सूचयति । यथा, ५ + ४, अत्र ५ अस्मिन् ५ अयं योज्योऽस्तीत्यनेन चिह्नेन ज्ञाप्यते ।

(+ यह सङ्कलन का द्योतक चिह्न है, इसको धन कहते हैं । दो संख्याओं के बीच में जब यह चिह्न रखा जाता है, तब, पहिली संख्या में दूसरी संख्या को जोड़ना है, इसको यह चिह्न सूचित करता है । जैसे, ५ + ४, यहां इस चिह्न से यह मालूम होता है कि ५ इसमें ४ इसको जोड़ना है ।)

(१५) यदा योज्ययोजकसङ्ख्ये एकाङ्कविशिष्टे स्यातां, तदाधोलिखितयोगज्ञापके चक्रे योज्ययोजकाङ्कसम्मुखपङ्क्तिसम्पातकोष्ठे तयोर्योगं विद्यात् ।

योगज्ञापकं चक्रम् ।

योज्याङ्काः ।

योजकाङ्काः ।	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९
०	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९
१	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
२	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११
३	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
४	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३
५	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
६	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५
७	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
८	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७
९	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८

यथा, पञ्चकाष्टकयोर्योगे कर्तव्ये पञ्चकाष्टकरूपयोज्ययोजकाङ्कसम्मुखपङ्क्तिसम्पातकोष्ठे १३ वर्तन्ते, अतः १३ अयम्पञ्चकाष्टकयोर्योगः । एतान् चक्रस्थयोगानवश्यं कण्ठगतान् विद्ध्यात् ।

(जब योज्य और योजक में एक अङ्क होता है अर्थात् वे दोनों दस से छोटे होते हैं, तब नीचे लिखे हुए चक्र में योज्य अङ्क के नीचे और योजक अङ्क के सामने की पङ्क्ति में जो संख्या होगी वही उन दो अङ्कों का योग होगा। जैसे, ५, ८ इनका योग जानना हो तो ५ इसके नीचे और ८ इसके सामने की पङ्क्ति में १३ यह संख्या है, इस लिये ५, ८ इनका १३ यह योग होता है। इस चक्र में जो योग लिखे हैं उनको अवश्य कण्ठ करना चाहिये।)

(१६) यदा योज्योऽनेकाङ्कविशिष्टो योजकश्चैकाङ्कविशिष्टो भवेत्तदा तयोर्योगे कर्तव्ये योज्यस्यैकस्थानाङ्कादधो योजकाङ्कं निवेश्य तयोरधस्तादेका तिर्यग्रेखा कार्या । ततो योज्यैकस्थानाङ्कयोजकाङ्कयोर्योगं

तयोरधोभागे निवेशयेत्। अयं योगस्याद्यस्थानाङ्को भवति। ततस्तस्य वामभागे योज्यस्य दशशतादिस्थानस्थाङ्कान् क्रमेण विन्यसेत्। यदि च योज्यैकस्थानाङ्कयोजकाङ्कयोर्योगेऽङ्कद्वयं स्यात्तर्हि तस्य दक्षिणपार्श्वस्थमङ्कं योगाद्यस्थाने निवेश्य वामपार्श्वस्थाङ्कयोज्यदशस्थानाङ्कयोर्योगं योगद्वितीयस्थाने स्थापयेत्। अस्मिन्योगेऽप्यङ्कद्वयं चेत्तद्दक्षिणपार्श्वस्थमङ्कं योगद्वितीयस्थाने निवेश्य वामपार्श्वस्थाङ्कयोज्यशतस्थानाङ्कयोर्योगं योगतृतीयस्थाने न्यसेत्। एवं मुहुः कृते रेखाधो येऽङ्काःस्युः स योगः स्यात्।

(जब योज्य में अनेक अङ्क होते हैं और योजक में एक अङ्क होता है, तब उनका योग करने के लिये योज्य के एक स्थान के अङ्क के नीचे योजक का अङ्क रख कर उसके नीचे एक रेखा करो। तब योज्य के एक स्थान का अङ्क और योजकाङ्क इन दोनों के योग को उन्ही दो अङ्कों के नीचे रखो। यह योग के पहिले स्थान का अङ्क होगा। इसकी बाईं तरफ योज्य के दश, शत आदि स्थानों के अङ्कों को क्रम से रखो। यदि योज्य का एक स्थान का अङ्क और योजकाङ्क इनके योग में दो अङ्क हों तो उसका दाहिनी तरफ के अङ्क को योग के पहिले स्थान में रख कर बाईं तरफ का अङ्क और योज्य का दश स्थान का अङ्क इनके योग को योग के दूसरे स्थान में रखो। इस योग में भी दो अङ्क हों तो दाहिनी तरफ के अङ्क को योग के दूसरे स्थान में रख कर बाईं तरफ का अङ्क और योज्य का शत स्थान का अङ्क इनके योग को योग के तीसरे स्थान में रखो। ऐसा अन्त तक करने पर रेखा के नीचे जो अङ्क होंगे वही योग होगा।)

उदाहरणम् (१) १३, ५, अनयोर्योगं कुरु।

(इनका योग करो)

१३ योज्यः, अत्र, ३, ५, अनयोर्योगः ८ अमुं योगाद्यस्थाने निवेश्य
५ योजकः, योज्यदशस्थानाङ्कः १ अयं द्वितीयस्थाने स्थाप्यः।
१८ योगः, (यहां ३, ५, इनका योग ८ इसको योग के पहिले स्थान में रख कर योज्य का दश स्थान का अङ्क १ इसको योग के दूसरे स्थान में रखो।)

उदाहरणम् (२) ३२८, ७, अनयोर्योगं ब्रूहि।

(इनका योग कहो)

३२८ योज्यः, अत्र ७, ८, अनयोर्योगः १५ अस्य दक्षिणपार्श्वस्थः ५
७ योजकः, अयमङ्कः प्रथमस्थाने निवेश्यः, तद्वामपार्श्वस्थस्य १
३३५ योगः, अस्य योज्यदशस्थानाङ्कस्य २ अस्य च योगः ३ अयं द्वि-

तीयस्थाने स्थाप्यः, ततो योज्यशतस्थानाङ्कः ३ असौ तृतीयस्थाने स्थाप्यः।

(यहां ७, ८, इनका योग १५ इसकी दाहिनी तरफ का अङ्क ५ इसको पहिले स्थान में रख कर इसकी बाईं तरफ का अङ्क १ (इसको हाथ लगे या हासिल का अङ्क कहते हैं) और योज्य का दश स्थान का अङ्क २ इनका योग ३ इसको दूसरे स्थान में रखो, तब योज्य का शत स्थान का अङ्क ३ इसको तीसरे स्थान में रखो।)

उदाहरणम् (३) ६६६, ८, अनयोर्योगं कुरु।

(इनका योग करो)

६६६ योज्यः, ८ योजकः, १००७ योगः, अत्र ६, ८ अनयोर्योगः १७ अत्र ७ असौ प्रथमस्थाने स्थाप्यः, अवशिष्टस्य १ अस्य योज्यदशस्थानाङ्कस्य ६ अस्य च योगः १० अत्राप्यङ्कद्वयं वर्तते, अतोऽस्य दक्षिणपार्श्वस्थः ० अयमङ्को द्वितीयस्थाने स्थाप्यः, अवशिष्टस्य वामपार्श्वस्थस्य १ अस्य योज्यशतस्थानाङ्कस्य ६ अस्य च योगः १० अत्र ० असौ तृतीयस्थाने स्थाप्यः, अवशिष्टः १ अयं योज्येऽङ्काभावाच्चतुर्थस्थाने स्थाप्यः।

(यहां ९, ८ इनका योग १७ इसमें ७ इसको पहले स्थान में रखो, यहां हासिल १ और योज्य का दशस्थान का अङ्क ९ इनका योग १० इसमें ० इसको दूसरे स्थान में रखो, फिर हासिल १ और योज्य का शत स्थान का अङ्क ९ इनका योग १० इसमें ० इसको तीसरे स्थान में रखो, और हासिल १ को योज्य में अङ्क न होने से चौथे स्थान में रखो।)

(१७) एकाङ्कविशिष्टानेकसंख्यानां योगे कर्तव्ये ताः सर्वाः संख्या अधोऽधो निवेश्योपरितनसंख्याद्वयस्य च योगं (१५) प्रक्रमानुसारं कृत्वा तस्मिन्योगे (१६) प्रक्रमानुसारं तृतीयसंख्या योज्या। ततस्तस्मिन्योगे चतुर्थसंख्या योज्या। एवमग्रेऽपि कृतेऽन्ते यो योगस्तमन्तिमसंख्याधस्तिर्यग्रेखां कृत्वा तदधो विन्यसेत्। स एव तासां संख्यानां योगो भवति।

(जब ऐसी अनेक संख्याओं का योग करना हो जिनमें एकही अङ्क होता है, तब उन सब संख्याओं को इस तरह लिखो कि वे सब एक के नीचे एक रहें। फिर ऊपर की दो संख्याओं का योग (१५) प्रक्रम के अनुसार करके उस योग में तीसरी संख्या को (१६) प्रक्रम के अनुसार जोड़ो। फिर उस योग में चौथी संख्या को जोड़ो। इस प्रकार अन्त तक करने पर अन्त में जो योग होगा उसको अन्तिम संख्या के नीचे

एक रेखा खींच कर उस रेखा के नीचे लिखो। यही उक्त संख्याओं का योग होगा।)
उदाहरणम्। ७, ४, ५, ६, ३, ६, आसां योगं वद।
(इनका योग कहो)

७ अत्रोपरितनसंख्याद्वयं ७, ४, अनयोर्योगः ११ अस्य तृतीय-
४
५ संख्यायाश्च योगः १६ अस्य चतुर्थसंख्यायाश्च योगः २२ अस्य
६
३ पञ्चमसंख्यायाश्च योगः २५ अस्य षष्ठसंख्यायाश्च योगः ३४,
६

३४ योगः, एवमुक्तसंख्यानामयं ३४ योगः।

(यहां ऊपर की दो संख्या ७, ४, इनका योग ११ इसका और तीसरी संख्या का योग १६ इसका और चौथी संख्या का योग २२ इसका और पांचवी संख्या का योग २५ इसका और छठी संख्या का योग ३४, इसप्रकार उक्त संख्याओं का ३४ यह योग होता है।)

(१८) अनेकाङ्कविशिष्टानेकसंख्यानां योगकरणे ताः सर्वाः संख्या अधोऽधस्तथा निवेश्या यथा प्रत्येकसंख्याया एकदशशतादिस्थानस्थाङ्कानामधस्तात्क्रमेणापरसंख्याया एकदशशतादिस्थानस्थाङ्कास्तिष्ठेयुः। अथान्तिमसंख्याध एकां तिर्यग्रेखां विधाय (१७) प्रक्रमानुसारं सर्वेषामेकस्थानस्थाङ्कानाञ्च योगं कृत्वा तस्य योगस्य दक्षिणपार्श्वस्थोऽङ्कस्तिर्यग्रेखाधः प्रथमस्थाने निवेश्यः। ततो वामपार्श्वस्थाङ्कस्य सर्वदशस्थानस्थाङ्कानाञ्च योगं कृत्वा तस्य योगस्य दक्षिणपार्श्वस्थोऽङ्को द्वितीयस्थाने स्थाप्यः। पुनस्तद्वामपार्श्वस्थाङ्कस्य सर्वशतस्थानस्थाङ्कानाञ्च योगः कार्यः। एवं मुहुः कृतेऽन्ते योऽन्तिमस्थानस्थाङ्कानां योगो भवेत्, स स्ववामपार्श्वस्थाङ्कसहित एवान्तिमस्थाने स्थाप्यः। इत्थं रेखाधो या संख्या सम्पद्यते स एव योगः स्यात्।

(अनेक अङ्क वाली अनेक संख्याओं का योग करने में उन सब संख्याओं को एक के नीचे एक इस तरह लिखो जिससे प्रत्येक संख्या के एक, दश, शत, आदि स्थानों के अङ्कों के नीचे दूसरी के एक, दश, शत आदि स्थानों के अङ्क क्रम से रहें। तब सब से नीचे की संख्या के नीचे एक रेखा खींचो। तब (१७) प्रक्रम के अनुसार सब एक स्थान के अङ्कों का योग करके उस योग की दाहिनी तरफ के अङ्क को रेखा के

नीचे पहिले स्थान में रखो। तब उसको बाईं तरफ के हासिल के अङ्क का और सब दश स्थान के अङ्कों का योग करो। उस योग की दाहिनी तरफ के अङ्क को दूसरे स्थान में रख कर उसको बाईं तरफ के हासिल के अङ्क का और सब शत स्थान के अङ्कों का योग करो। ऐसा बार बार करने पर अन्त में जो अन्तिम स्थान के सब अङ्कों का योग होगा उसको अपने हासिल के अङ्क के साथ ही रेखा के नीचे अन्तिम स्थान में रखो। इस प्रकार रेखा के नीचे जो संख्या बनेगी वह उन संख्याओं का योग होगा।)

उदाहरणम्। ६०३४, ७५०८६, ४०१६५, १३५६, १०२६४, आसां योगं कुरु।

	(इनका योग करो)
६०३४	अत्रैकस्थानस्थाङ्कानां ४, ६, ५, ९, ४, एषां योगः ३१
७५०८६	अत्र १ अयं प्रथमस्थाने स्थाप्यः, ततः ३ अस्य दश-
४०१६५	स्थानस्थाङ्कानां ९, ५, ९, ८, ३, एषां च योगः ३७
१३५६	अत्र ७ अयं द्वितीयस्थाने स्थाप्यः, ततः ३ अस्य शत-
१०२६४	
१३५६७१	योगः, स्थानस्थाङ्कानां २, ३, १, एषां च योगः ९ अयं तृती-

यस्थाने स्थाप्यः, अत्र वामपार्श्वस्थाङ्काभावात्सहस्रस्थानस्थाङ्कानां १, ५, ९, एषां योगः १५ अत्र ५ अयं चतुर्थस्थाने स्थाप्यः, ततः १ अस्य अयुतस्थानस्थाङ्कानां १, ४, ७, एषां च योगः १३ अयं स्ववामपार्श्व-स्थाङ्केन सहित एवान्तिमस्थाने स्थाप्यः।

(यहां एक स्थान के अङ्क ४, ९, ५, ९, ४, इनका योग ३१ इसमें १ इसको पहिले स्थान में रखो, फिर हासिल ३ और दश स्थान के अङ्क ९, ९, ९, ८, ३, इन का योग ३७ इस में ७ इसको दूसरे स्थान में रखो, फिर हासिल ३ और शत स्थान के अङ्क २, ३, १, इनका योग ९ इसको तीसरे स्थान में रखो, फिर यहां हासिल कुछ न होने से सहस्र स्थान के अङ्क १, ९, ९, इनका योग १९ इसमें ९ इसको चौथे स्थान में रखो, फिर हासिल १ और दस हजार के स्थान के अङ्क १, ४, ७, इनका योग १३ इसको अपने हासिल के अङ्क के साथ ही अन्तिम स्थान में रख दो।)

(१६) पूर्वमेकस्थानतोऽन्तिमस्थानपर्यन्तं वामक्रमेण योगः प्रद-र्शितः। अधुनान्तिमस्थानत एकस्थानपर्यन्तं दक्षिणक्रमेण योगः प्रद-र्श्यते। पूर्ववत्सर्वाः संख्या अधोऽधो निवेश्यान्तिमसंख्याधो रेखा कार्या। ततोऽन्तिमस्थानस्थाङ्कानां योगः स्ववामपार्श्वस्थाङ्कसहित

एव तेषामधस्तात्स्थाप्यः । इदं योगप्रथमस्थानं कल्प्यम् । ततस्तत्पूर्वस्थानस्थाङ्कानां योगं कृत्वा तस्य योगस्य दक्षिणपार्श्वस्थोऽङ्कः प्रथमस्थानाङ्कादक्षिणतो द्वितीयस्थाने स्थाप्यः । तद्वामपार्श्वस्थाङ्कस्तु प्रथमस्थानाङ्के योज्यः । ततस्तत्पूर्वस्थानस्थाङ्कानां योगं कृत्वा तस्य दक्षिणपार्श्वस्थोऽङ्को द्वितीयस्थानाङ्कादक्षिणतस्तृतीयस्थाने स्थाप्यः । तद्वामपार्श्वस्थाङ्कस्तु द्वितीयस्थानाङ्के योज्यः । एवमेकस्थानाङ्कपङ्क्ति यावत्कार्यम् । ततो रेखाधो येऽङ्का भवन्ति स एवोक्तसंख्यानां योगः स्यात् ।

(पहिले दाहिने हाथ से बाएं हाथ की तरफ योग करने का प्रकार दिखला कर अब बाईं तरफ से दाहिनी तरफ अङ्कों के योग करने का प्रकार दिखलाते हैं । पहिले कहे हुए प्रकार के अनुसार सब संख्याओं को एक के नीचे एक इस क्रम से रख कर अन्तिम संख्या के नीचे एक रेखा करो । फिर अन्तिम स्थान के सब अङ्कों के योग को अपने हासिल के अङ्क के साथ उनके नीचे रखो । इस स्थान को योग का पहिला स्थान समझो । फिर उस अन्तिम स्थान से पहिले स्थान के सब अङ्कों का योग कर के योग की दाहिनी तरफ के अङ्क को पहिले स्थान के अङ्क की दाहिनी तरफ द्वितीय स्थान में रखो । और बाईं तरफ के अङ्क को पहिले स्थान के अङ्क में जोड़ दो । फिर उस स्थान से पहिले स्थान के अङ्कों का योग करो । और योग को दाहिनी तरफके अङ्क को द्वितीय स्थान के अङ्क की दाहिनी तरफ तृतीय स्थान में रख कर बाईं ओर के अङ्क को द्वितीय स्थान के अङ्क में जोड़ दो । ऐसा ही एक स्थान के अङ्कों की पङ्क्ति तक करो । तब रेखा के नीचे जो अङ्क होंगे वही अभीष्ट सङ्ख्याओं का योग होगा ।)

उदाहरणम् । १९२, २३४५, ७८१, १५६१, ३१२४, आसां संख्यानां योगं कुरु ।

(इन सङ्ख्याओं का योग करो)

१९२ / २३४५ / ७८१ / १५६१ / ३१२४ — अत्रान्तिमस्थानस्थाङ्काः २, १, ३, एषां योगः ६ अयमन्तिमस्थानस्थाङ्कपङ्क्तेरधोभागे योगप्रथमस्थाने निवेश्यः, ततस्तत्पूर्वस्थानस्थाङ्काः १, ३, ७, ५, १, एषां योगः १७ अस्मिन् ७ अमुं द्वितीयस्थाने निवेश्य १ असौ प्रथम-

८००३ योगः, स्थानाङ्के ६ अस्मिन्योज्यः, ततस्तत्पूर्वस्थानाङ्काः ९, ४, ८, ६, २, एषां योगः २९ अस्मिन् ९ इमं तृतीयस्थाने निवेश्य २ अयं द्वितीयस्थानाङ्के ७ अस्मिन्योज्यः, ततस्तत्पूर्वस्थानाङ्काः २, ५, १, १,

४, एषां योगः १३ अस्मिन् ३ अमुं चतुर्थस्थाने निवेश्य १ अयं तृतीय-स्थानाङ्के ६ अस्मिन्योज्यः, ततो जातोऽयं ८००३ योगः ।

(यहां अन्तिमस्थान के अङ्क २, १, ३, इनका योग ६ इसको अन्तिम स्थान के अङ्कों की पङ्क्ति के नीचे योग के पहिले स्थान में रखो, फिर अन्तिम स्थान से पहिले स्थान के अङ्क १, ३, ७, ५, १, इनका योग १७ इसमें ७ इसको दूसरे स्थान में रख कर १ को पहिले स्थान के ६ इस अङ्क में जोड़ दो, फिर उससे पहिले स्थान के अङ्क ९, ४, ८, ६, २, इनका योग २९ इसमें ९ इसको तीसरे स्थान में रख कर २ इसको दूसरे स्थान के ७ इस अङ्क में जोड़ दो, फिर उससे पहिले स्थान के अङ्क २, ५, १, १, ४, इनका योग १३ इसमें ३ इसको चौथे स्थान में रख कर १ इसको तीसरे स्थान के ९ इस अङ्क में जोड़ दो, तब ८००३ यह योग हुआ ।)

अभ्यासार्थमुदाहरणानि (३) ।

अधो लिखितसंख्यानां योगं कुरु ।

(नीचे लिखी हुई संख्याओं का योग करो ।)

(१)	(२)	(३)	(४)	(५)	(६)	(७)
६	१६	७५	३७	१७९	२५९७	८२५९१
७	७	९८	१३८	२२५	४३२	९१७५
८	५	४३	७९	३४५	५७२९	९४५९७
९	४	५६	६३	१५१	३५९३	७५२९५८

(८)	(९)	(१०)
८३९५२८६	७८९४३५२६	७८२४८५९६३
६१५२३७	७२६८०९५	१२७९५३९२५७
८७५९२	३२५७९१८	३२६९०४८२
९७४१३४९	५३२६५९७४६	३५३९६५७५१४
५६३२९८३	१९६६८५४२	५२४९३७८१
	४५७४९३५८७	२४१७९७८५४५

(११) ७२५ + ९२१ + १०२ । अस्य किम्मानम् ।

(इसका मान क्या है)

(१२) कश्चिन्मनुजो यदा पञ्चविंशति २५ वर्षवयस्कोऽभूत्तदा

तस्यैकः पुत्रः सञ्जातः, पुत्रस्य त्रिंशद् ३० वर्षवयसि पितुर्वयः किं यत्स्यात्।

(एक मनुष्य जब २९ बरस का हुआ तब उसको एक पुत्र हुआ, जब पुत्र ३० बरस का हुआ तब उसके पिता का वय कितना था।)

(१३) १७८९ अस्मिन् शाके कस्यचित्पुरुषस्य जन्माभूत्, तस्य निधनमेकोनाशीति ७९ तमे वर्षेऽभूत्, कस्मिन् शाके स पुरुषो मृतः।

(१७८९ इस शक में एक पुरुष पैदा हुआ, और ७९ बरस का होकर वह मर गया, तब किस शक में उसका मरण हुआ।)

(१४) कस्यचिद्धनिकस्य द्वारं एको भिक्षुकसमूहः समुपस्थितः, तस्मिन्समूहे २८९ पुरुषाः, ३१५ स्त्रियः, ३६० बालकाश्चासन्, यदि तेन धनिकेन तेभ्यो याचकेभ्य एकैकः पणः प्रदत्तश्चेत्तेन कति पणा विसृष्टाः।

(किसी अमीर के द्वार पर एक कङ्गालों का समूह आया, उस समूह में २८९ पुरुष, ३१५ स्त्रियां और ३६० बालक थे, उस अमीर ने उन सब को एक एक पैसा दिया, तब कहो उसने कितने पैसे दिये।)

(१५) एकस्याम्पाठशालायां छात्राणां ५ कक्षा आसन्, प्रथमकक्षायां ४५ छात्राः, द्वितीयस्यां ५८ छात्राः, तृतीयस्यां ६९ छात्राः, चतुर्थ्यां ८० छात्राः, पञ्चम्यां ९८ छात्रा आसन्, तस्याम्पाठशालायां कति छात्रा अपठन्।

(किसी पाठशाला में लड़कों के पांच वर्ग थे, पहिले वर्ग में ४५, दूसरे में ५८, तीसरे में ६९, चौथे में ८० और पांचवे में ९८ लड़के थे, तब कहो उस पाठशाला में कितने लड़के पढ़ते थे।)

(१६) कश्चिन्मनुजो विश्वनाथदर्शनार्थं कतिपयकमलपुष्पाण्यादाय प्रस्थितः, तेन विश्वनाथाय १९८५ कमलानि समर्पितानि, अन्नपूर्णायै ५२५ कमलानि, ढुण्ढिराजाय २२५ कमलानि समर्पितानि। यदा स गृहमागतस्तदा तत्समीपे १२५ कमलान्यवशिष्टान्यासन्। कति कमलपुष्पाण्यादाय स विश्वनाथदर्शनार्थं गतः।

(एक मनुष्य कुछ कमल के फूल लेकर विश्वनाथ का दर्शन करने गया, उसने विश्वनाथ को १९८५, अन्नपूर्णा जी को ५२५, और ढुंढिराज को २२५ कमल के फूल

चढाये, जब वह घर आया, तब उसके पास १२९ कमल के फूल बचे थे, तब कहो कितने फूल लेकर वह विश्वनाथ का दर्शन करने गया था।)

(१७) जनवरीमासे ३१ दिनानि, फरवरीमासे २८, मार्चमासे ३१, अप्रैलमासे ३०, मईमासे ३१, जूनमासे ३०, जुलाईमासे ३१, अगस्तमासे ३१, सप्तेम्बरमासे ३०, अक्तोबरमासे ३१, नवम्बरमासे ३०, दिसम्बरमासे ३१ दिनानि भवन्ति। एकस्मिन्वर्षे कति दिनानि भवन्ति।

(जनवरी में ३१, फरवरी में २८, मार्च में ३१, अप्रैल में ३०, मई में ३१, जून में ३०, जुलाई में ३१, अगस्त में ३१, सप्तेम्बर में ३०, अक्तोबर में ३१, नवम्बर में ३० और दिसम्बर में ३१ दिन होते हैं, तब कहो एक साल में कितने दिन होते हैं।)

(१८) एकस्मिन्नुद्याने ३०२५ आम्रवृक्षाः, ९८७ चम्पकवृक्षाः, १५६७ बकुलवृक्षाः, २०२५ पनसवृक्षाः, ७९८ दाडिमवृक्षाः, २५ न्यग्रोधवृक्षाश्चासन्, तस्मिन्नुद्याने कति वृक्षा आसन्।

(एक बगीचे में ३०२५ आम के पेड़, ९८७ चम्पे के पेड़, १५६७ मौसरोके पेड़, २०२५ कटहर के पेड़, ७९८ अनार के पेड़ और २५ बरगत के पेड़ थे, तब कहो उस बगीचे में कितने पेड़ थे।)

(१९) रामेण पञ्चसु पुत्रेषु निजधनं विभज्य प्रदत्तं, प्रथमः पुत्रः ३२०५९८१ मुद्राः, द्वितीयः ९९८७८१ मुद्राः, तृतीयः ८७५४३९ मुद्राः, चतुर्थः ७१३४० मुद्राः, पञ्चमश्च ५२३६७ मुद्रा अलभत, तदा रामधनप्रमाणं वद।

(राम ने पांच पुत्रों को अपना धन बांट दिया, पहिले पुत्र को ३२०५९८१ रुपये, दूसरे को ९९८७८१ रुपये, तीसरे को ८७५४३९ रुपये, चौथे को ७१३४० रुपये और पांचवे को ५२३६७ रुपये मिले, तब कहो राम के पास कितने रुपये थे।)

(२०) ७, ८, ९, एभिस्त्रिभिरङ्कैः स्थानत्रयविशिष्टा यावत्यः संख्या निष्पद्यन्ते, तासां सर्वासां योगं वद।

(७, ८, ९ इन तीन अङ्कों से तीन स्थान की जितनी संख्याएं बनती हैं उन सब का योग कहो।)

व्यवकलनम्।

(२०) द्वयोर्न्यूनाधिकसंख्ययोरधिकसंख्या न्यूनसंख्यातः कियदधिकास्तीत्येतज्ज्ञानप्रकारो व्यवकलनमुच्यते। अत्राधिकसंख्या वियो-

ज्यसंज्ञिका, न्यूनसंख्या च वियोजकसंज्ञिका भवति। तथाधिकसंख्यातो न्यूनसंख्यातुल्यस्यैकखण्डस्य पृथक्करणेन यदवशिष्यते तदन्तरसंज्ञं भवति।

(दो संख्याओं में बड़ी संख्या छोटी संख्या से कितना अधिक है इसके जानने के प्रकार को व्यवकलन कहते हैं। यहां बड़ी संख्या को वियोज्य और छोटी संख्या को वियोजक कहते हैं। और बड़ा संख्या में से छोटी संख्या के तुल्य क खण्ड अलग करने से जो शेष रहता है उसको अन्तर कहते हैं।)

(२१) व्यवकलनद्योतकं — इदं चिह्नं ऋणसंज्ञम्भवति। द्वयोस्संख्ययोर्मध्ये यदतच्चिह्नं स्थाप्यते, तदेदं चिह्नम्प्रथमसंख्यातो द्वितीयसंख्या वियाज्यास्तीति सूचयति। यथा, ५ – ४ अत्रैतच्चिह्नेनेदं सूच्यते यत् ५ अस्याः संख्यायाः ४ इयं संख्या वियोज्यास्तीति।

(व्यवकलनसूचक — इस चिह्न को ऋण कहते हे। जब दो संख्याओं के बीच में यह चिह्न रखा जाता है तब, पहिली संख्या में दूसरी संख्या को घटाना है, इसको यह चिह्न सूचित करता है। जसे, ५ – ४, इस में यह चिह्न सूचित करता है कि ५ में ४ को घटाना है।)

(२२) वियोज्यस्यैकं खण्डं वियोजकेन तुल्यञ्चेत्तदपरं खण्डमन्तरसममवश्यम्भवेत्। अतो वियोजकान्तरयोर्योगो वियोज्यतुल्यो भवतीति स्फुटम्प्रतीयते।

(यदि वियोज्य संख्या का एक खण्ड वियोजक संख्या के समान हो तो, उसका दूसरा खण्ड अवश्य अन्तर के समान होगा। इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि वियोजक और अन्तर इन का योग वियोज्य के तुल्य होता है।)

(पहिले भाज्य की बाईं तरफ) ऐसा चिन्ह करके उसकी दाहिनी तरफ (ऐसा चिन्ह करो। तब बाईं तरफ के) इस चिन्ह की बाईं ओर भाजक को लिख कर दाहिनी ओर के (इस चिन्ह की दाहिनी तरफ लब्धि को लिखो। तब भाज्य की बाईं तरफ के जितने अङ्क भाजक से अधिक होंगे उनको अन्त्यभाज्य कल्पना करो। तब जिस अङ्क से भाजक को गुण कर गुणनफल को अन्त्यभाज्य में घटा देने से शेष भाजक से कम रहे, उस अङ्क को लब्धि के स्थान में रखो। और उस अङ्क का और भाजक का जो गुणनफल होगा उसको अन्त्यभाज्य में घटा कर शेष की दाहिनी तरफ भाज्य के बचे हुये अङ्कों में जो बाईं तरफ का आखिरी अङ्क होगा उसको रखो। तब इस अङ्क के सहित जो शेष होगा उसको फिर अन्त्यभाज्य कल्पना करो। तब जिस अङ्क से भाजक को गुण कर गुणनफल को इस अन्त्यभाज्य में घटा देने से शेष भाजक से कम रहे, उस अङ्क को लब्धि के स्थान में पहिले रखे हुए अङ्क की दाहिनी

तरफ रखो। और उस अङ्क का और भाजक का जो गुणनफल होगा उसको अन्त्यभाज्य में घटा दो। ऐसा ही आगे तब तक करो जब तक शेष की दाहिनी तरफ रखने के लिये भाज्य में कोई अङ्क बचा न रहे।)

उदाहरणम्। ७८६०६÷९, अत्र लब्धिः का।

(यहां लब्धि क्या है।)

भाजकः	भाज्यः	लब्धिः	
९)	७८६०६	(८७३४	अत्र भाज्यान्तिमाङ्कात् ७ अस्माद्भाजको न शुद्ध्यतात्यतः ७८ अयमन्त्यभाज्यः, अस्मात् ९, ८ अनयोर्वधमपहाय ६ इदं भाजकाल्पं शेषं जातं, ततः ८ इमं लब्धिस्थाने विन्यस्य शेषस्य ६ अस्य दक्षिणभागेऽवशिष्टभाज्यान्तिमाङ्कं ६ इमं संस्थाप्य जातः ६६ अयमन्त्यभाज्यः, अस्मात् ९, ७ अनयोर्वधमपास्य शेषं ३ इदं जातं, ततः ७ इमं लब्धिस्थानीयाङ्कस्य ८ अस्य दक्षिणपार्श्वे संस्थाप्य शेषस्य ३ अस्य दक्षिणभागेऽवशिष्टभाज्यान्तिमाङ्कः ० अयं स्थाप्यः, ततो जातः ३० अयमन्त्यभाज्यः, अस्मात् ९, ३ अनयोर्वधं विशोध्य शेषं ३ इदं जातं, ततः ३ इमं लब्धिस्थानीयाङ्कद्वयस्य ८७ अस्य दक्षिणभागे निवेश्य शेषस्य ३ अस्य दक्षिणपार्श्वेऽवशिष्टभाज्यान्तिमाङ्कः ६ अयं स्थाप्यः, ततो जातः ३६ अयमन्त्यभाज्यः, अस्मात् ९, ४ अनयोर्वधं विशोध्य जातं शेषं ०, ततः ४ इमं लब्धिस्थानीयाङ्कत्रयस्य ८७३ अस्य दक्षिणपार्श्वे निवेश्य शेषस्य ० अस्य दक्षिणपार्श्वे स्थापनाय भाज्येऽन्यः कोप्यङ्को नास्तीति जाता ८७३४ इयं लब्धिः।
	७२		
	६६		
	६३		
	३०		
	२७		
	३६		
	३६		
	..		

(यहां भाज्य की बाईं तरफ के ७ वें अङ्क में भाजक घटता नहीं इसलिये ७८ यह अन्त्यभाज्य है, तब ९ अठे ७२ होते हैं इस लिये ८ को लब्धि के स्थान में रख कर ७२ को ७८ में घटाओ, तब शेष ६ बचा, फिर इस की दाहिनी तरफ बचे हुए भाज्य की बाईं तरफ के ६ इस आखिरी अङ्क को उतारो, तब ६६ यह अन्त्यभाज्य

हुआ, फिर ९ सत्ते ६३ होते हैं इस लिये ७ को लब्धि के स्थान में पहिले रखे हुए ८ इस अङ्क की दाहिनी तरफ रख कर ६३ को ६६ में घटाओ, तब शेष ३ बचा, इस शेष की दाहिनी तरफ भाज्य के ० इस आखिरी अङ्क को उतारो, तब ३० यह अन्त्य भाज्य हुआ, फिर ९ तियां २७ होते हैं इस लिये ३ को लब्धि स्थान में रखे हुये ८७ इन दो अङ्कों की दाहिनी तरफ रखो, और ३० में २७ को घटाने से शेष ३ बचा, तब इस शेष की दाहिनी तरफ भाज्य के ६ इस अङ्क को उतारो, तब ३६ यह अन्त्यभाज्य हुआ, फिर ९ चौके ३६ होते हैं इस लिये ४ को लब्धि स्थान में रखे हुए ८७३ इन तीन अङ्कों की दाहिनी तरफ रख कर ३६ को ३६ में घटाने से शेष ० हुआ, अब इस शेष पर रखने के लिये भाज्य में कोई अङ्क न होने से ८७३४ यह लब्धि हुई ।)

(५०) एवं यत्रान्त्यभाज्यो भाजकादल्पो भवेत्तत्र लब्धिस्थानीयाङ्कानां दक्षिणभागे शून्यं निवेश्य तस्यान्त्यभाज्यस्य दक्षिणभागेऽवशिष्टभाज्यान्तिमाङ्को निवेश्यः । एवं लब्धिस्थाने तावच्छून्यानि स्थाप्यानि यावदन्त्यभाज्यो भाजकादधिको न भवेत् ।

(जहां अन्त्यभाज्य भाजक से न्यून होगा, वहां लब्धिस्थान के अङ्कों की दाहिनी तरफ शून्य को रख कर उस अन्त्यभाज्य की दाहिनी तरफ बचे हुए भाज्य की बाईं तरफ के आखिरी अङ्क को उतारो । इस प्रकार लब्धि के स्थान में तब तक शून्यों को रखो जब तक अन्त्य भाज्य भाजक से अधिक न होगा ।)

उदाहरणम् । १३३११४÷१९, अत्र का लब्धिः ।

(यहां लब्धि क्या होगी ।)

भाजकः भाज्यः लब्धिः

१९) १३३११४ (७०० ६ अत्रान्त्यभाज्यः १३३ अस्मात् १९ × ७ अ-
१३३ नयोर्वधं विशोध्य ७ अयं लब्धिस्थाने
···११४ स्थाप्यः, ततः शेषस्य ० अस्य दक्षिणभागे
११४ भाज्यान्तिमाङ्कं १ इमं संस्थाप्य जातोऽ-
··· न्त्यभाज्यः १ अयं भाजकादल्पोऽस्तीत्य-

तो लब्धिस्थानीयाङ्कस्य ७ अस्य दक्षिणभागे शून्यं निवेश्य १ अस्य दक्षिणपार्श्वे भाज्यान्तिमाङ्कं १ इमं संस्थाप्य जातोऽन्त्यभाज्यः ११ अयमपि भाजकादल्पोऽस्तीत्यतो लब्धिस्थानेऽपरं शून्यं निवेश्य ११ अस्य दक्षिणभागे भाज्यान्तिमाङ्कः ४ अयं स्थाप्यः, ततो जातः ११४ अयमन्त्यभाज्यः, अस्मात् १९ × ६ अनयोर्वधमपास्य शेषं ० जातं,

लब्धिस्थाने च ६ अयं स्थाप्यः ।

(यहां अन्त्यभाज्य १३३ है, अब १९ सत्ते १३३ होते हैं इस लिये ७ को लब्धि के स्थानमें रख कर १३३ में १३३ को घटाओ, तब शेष ० बचा, इस पर भाज्य का १ यह अङ्क उतारो, तब १ यह अन्त्यभाज्य हुआ, यह भाजक से कम है इस लिये लब्धिस्थान में के ७ इसकी दाहिनी तरफ ० को रख कर १ इसकी दाहिनी तरफ भाज्य का १ यह अङ्क उतारो, तब ११ यह अन्त्यभाज्य हुआ, यह भी भाजक से कम है, इस लिये लब्धिस्थान में और एक शून्य रख कर ११ इस पर भाज्य का ४ यह अङ्क उतारो, तब ११४ यह अन्त्यभाज्य हुआ, फिर १९ छके ११४ होते हैं, इस लिये ६ को लब्धि के स्थान में रख कर ११४ में ११४ को घटा दो, तब शेष ० बचा ।)

(५१) एवं भाज्ये भाजकेन भक्ते यदि किञ्चिन्नावशिष्येत, तर्हि लब्धिस्थाने या संख्या भवेत्सा पूर्णा लब्धिः स्यात् । यदि किञ्चिदवशिष्येत, तर्हि लब्ध्यग्रे—एवं रेखां कृत्वा तदुपरिभागे शेषं विलिख्य तदधोभागे भाजकं लेख्यः । अत्रेयं सावयवा लब्धिः स्यात् ।

(इस प्रकार भाज्य में भाजक का भाग देने पर यदि कुछ शेष न बचे वहां लब्धि के स्थान में जो संख्या होगी वह पूर्ण लब्धि होती है। और यदि कुछ शेष बचे तो लब्धि के आगे—ऐसी रेखा करके उस रेखा के ऊपर शेष को लिखो और उसके नीचे भाजक को लिखो, यहां यह सावयव लब्धि होती है ।)

उदाहरणम् । १२४५६७६÷१५, अत्र लब्धिः का ।

(यहां लब्धि क्या होती है ।)

भाजकः भाज्यः लब्धिः

१५) १२४५६७६ (८३०४५ $\frac{४}{१५}$ अत्र पूर्वोक्तक्रियया ८३०४५ $\frac{४}{१५}$ इयं सावयवा लब्धिर्जायते ।

१२०

४५

४५

०

६७

६०

७६

७५

शेषम् ४


(यहां पहिले कही हुई क्रिया करने से ८३०४५ $\frac{४}{१५}$ यह सावयव लब्धि होती है।)

(५२) यदा भाजकेऽनेकाङ्का भवन्ति, तदा यदङ्कगुणितभाजकान्तिमाङ्कोऽन्त्यभाज्यस्यान्तिमादङ्कादङ्कद्वयाद्वा विशुद्ध्यति तमङ्कं लब्धिस्थाने विलिख्य तद्गुणितसकलभाजकमन्त्यभाज्याद्विशोधयेत् । यदि च लब्ध्यङ्कगुणितसकलभाजकोऽन्त्यभाज्यादधिको भवेत्तर्ह्येकोनलब्धिस्थाङ्केन सकलभाजकं संगुण्य तमन्त्यभाज्याद्विशोधयेत् । यदा च भाजकान्तिमस्थाने रूपं भवति तदा यदङ्कगुणितभाजकान्तिमाङ्कद्वयमन्त्यभाज्यस्यान्तिमादङ्कद्वयादङ्कत्रयाद्वा विशुद्ध्यति तदङ्कं लब्धिस्थाने विलिख्य तद्गुणितसकलभाजकमन्त्यभाज्याद्विशोधयेत् । अन्यत्सर्वं पूर्वोक्तवदेव कार्यम् ।

(जब भाजक में अनेक अङ्क होते हैं, तब जिस अङ्क से गुणा हुआ भाजक को बाईं तरफ का आखिरी अङ्क अन्त्यभाज्य की बाईं तरफ के एक या दो अन्तिम अङ्कों में घट सके उस अङ्क को लब्धि के स्थान में रख कर उस अङ्क से गुणे हुए सम्पूर्ण भाजक को अन्त्यभाज्य में घटा दो । यदि लब्धिस्थान के अङ्क से गुणा हुआ सम्पूर्ण भाजक अन्त्यभाज्य से अधिक हो तो लब्धि के अङ्क में एक घटा कर उससे सम्पूर्ण भाजक को गुण दो, और गुणनफल को अन्त्यभाज्य में घटा दो । और जब भाजक की बाईं तरफ का अन्तिम अङ्क १ होता है, तब जिस अङ्क से गुणे हुए भाजक की बाईं तरफ के अन्तिम दो अङ्क अन्त्यभाज्य की बाईं तरफ के अन्तिम दो या तीन अङ्कों में घट सके उस अङ्क को लब्धिस्थान में रख कर उस अङ्क से गुणे हुए सम्पूर्ण भाजक को अन्त्यभाज्य में घटा दो । और बाकी सब क्रिया पहिले कहे हुए प्रकार के अनुसार ही करो ।)

उदाहरणम् । ११९५८९१÷१३८५, अत्र लब्धिः का ।

(यहां लब्धि क्या है ।)



भाजकः	भाज्यः	लब्धिः	
१३८५)	११९५८९१	(८६३$\frac{६३६}{१३८५}$	अत्रान्त्यभाज्यः ११९५८ अयं
	११०८०		वर्तते, भाजकान्तिमस्थाने
	८७८९		च १ रूपं वर्तते, अतो नव-
	८३१०		भिर्गुणितं भाजकान्तिमाङ्क-
	४७९१		द्वयं १३ इदं अन्त्यभाज्या-
	४१५५		न्तिमाङ्कत्रयात् ११९ अ-
शेषम् ६३६			स्माच्छुद्ध्यतीति नवसंख्यां

लब्धिस्थाने विलिख्य तद्गुणितसकलभाजकोऽन्त्यभाज्याच्छोद्यः, किन्तु नवभिर्भाजके गुणिते गुणनफलं १२४६५ इदमन्त्यभाज्यादधिकं, अत एकोनलब्ध्या ८ अनया भाजकं संगुण्य गुणनफलमन्त्यभाज्याच्छोद्यं, लब्धिस्थाने च ८ अयं लेख्यः, ततः शेषदक्षिणभागे भाज्यान्तिमाङ्कं संस्थाप्यान्त्यभाज्यान्तिमाङ्कद्वयात् ८७ अस्मात् षड्गुणितभाजकान्तिमाङ्कद्वयं शुद्ध्यतीति लब्धिस्थाने ६ इमं विलिख्य ६ एतद्गुणितभाजकोऽन्त्यभाज्याच्छोद्यः, ततः शेषदक्षिणभागे भाज्यान्तिमाङ्कं निवेश्यान्त्यभाज्यान्तिमाङ्कद्वयात् ४७ अस्मात् त्रिगुणितभाजकान्तिमाङ्कद्वयं शुद्ध्यतीति लब्धिस्थाने ३ इमं विलिख्य ३ एतद्गुणितभाजकोऽन्त्यभाज्याच्छोद्यः ।

(यहां अन्त्यभाज्य ११९६८ यह है, तब भाजक का अन्तिम अङ्क १ होने से १३ का अन्त्यभाज्य के अन्तिम ११९ इन तीन अङ्कों में भाग देखने से १३ नवां ११७ होते हैं, इस लिये ९ को लब्धि के स्थान में रख कर नौ से भाजक को गुण कर गुणनफल को अन्त्यभाज्य में घटाना चाहिये, किन्तु नौ का और भाजक का गुणनफल १२४६५ यह होता है, यह अन्त्यभाज्य से अधिक होने से ९ में १ को घटा कर ८ इससे भाजक को गुण कर गुणनफल को अन्त्यभाज्य में घटा दो, और ८ को लब्धि के स्थान में रखो, फिर शेष की दाहिनी तरफ भाज्य के अन्तिम अङ्क को उतारो, फिर अन्त्यभाज्य की बाईं तरफ के ८७ इन दो अन्तिम अङ्कों में १३ का भाग देखने से १३ छके ७८ होते हैं, इस लिये ६ को लब्धि के स्थान में रख कर ६ से भाजक को गुण दो, और गुणनफल को अन्त्यभाज्य में घटा कर शेष की दाहिनी तरफ भाज्य के अन्तिम अङ्क को उतारो, फिर अन्त्यभाज्य की बाईं तरफ के ४७ इन दो अन्तिम अङ्कों में १३ का भाग देखने से १३ तियां ३९ होते हैं इस लिये ३ को लब्धि के स्थान में रख दो, और ३ से भाजक को गुण कर गुणनफल को अन्त्य भाज्य में घटा दो ।)

(५३) भाजकस्यैवंविधानि खण्डानि कार्याणि येषां वधो भाजकसमः स्यात् । ततस्तेष्वेकतमेन खण्डेन भाज्ये भक्ते या लब्धिः स्यात्सा द्वितीयखण्डेन भाज्या । अत्र या लब्धिः स्यात्सा तृतीयखण्डेन भाज्या । एवमग्रेऽपि कृतेऽन्ते या लब्धिर्भवेत्सैव वास्तवा लब्धिः स्यात् । किन्तु शेषस्य भाजकादल्पत्वादन्ते यच्छेषं भवेत्तद्वास्तवं शेषं न भवितुमर्हतीति तज्ज्ञानोपायः प्रदर्श्यते । भाजकस्य खण्डद्वये कृते प्रथमशेषं प्रथमभाजकगुणितद्वितीयशेषज्ञानयोर्योगेन समं वास्तवं शेषं

तत्र भवति । भाजकस्य खण्डत्रये कृते प्रथमशेषं, प्रथमभाजकगुणित-द्वितीयशेषं, प्रथमभाजकद्वितीयभाजकतृतीयशेषाणां घातश्चैतेषां त्रयाणां योगेन तुल्यं वास्तवं शेषं भवति । एवं भाजकस्य खण्डचतुष्टयं कृतञ्चेत् , प्रथमशेषं, प्रथमभाजकगुणितद्वितीयशेषं, प्रथमभाजकद्वितीयभाजकतृतीयशेषाणां घातः, प्रथमभाजकद्वितीयभाजकतृतीयभाजक-चतुर्थशेषाणां घातश्चैतेषां चतुर्णां योगेन समं तत्र वास्तवं शेषं भवति । एवमग्रेऽपि ज्ञेयम् ।

(भाजक के ऐसे खण्ड करो जिनका घात भाजक के तुल्य होगा । तब उनमें से एक खण्ड का भाज्य में भाग देने से जो लब्धि आवेगी उस लब्धि में द्वितीय खण्ड का भाग दो । फिर यहां जो लब्धि आवेगी उसमें तृतीय खण्ड का भाग दो । ऐसा ही आगे करने पर अन्त में जो लब्धि होगी वह वास्तव लब्धि होगी । परन्तु शेष भाजक से न्यून होता है, इस कारण अन्त में जो शेष होगा वह वास्तविक शेष न हो सकेगा, इस लिये उसके जानने का प्रकार यह है:- यदि भाजक के दो खण्ड किये हों तो प्रथमशेष और प्रथमभाजकगुणितद्वितीयशेष, इन दोनों के योग के तुल्य वास्तव शेष होगा । भाजक के तीन खण्ड किये हों तो प्रथमशेष, प्रथम-भाजकगुणितद्वितीयशेष, और प्रथमभाजक द्वितीयभाजक और तृतीयशेष इनका घात, इन तीनों के योग के समान वास्तव शेष होगा । और यदि भाजक के चार खण्ड किये हों तो प्रथमशेष, प्रथमभाजकगुणितद्वितीयशेष, प्रथमभाजक द्वितीय भाजक और तृतीय शेष इनका घात, और प्रथमभाजक द्वितीयभाजक तृतीयभाजक और चतुर्थशेष इनका घात, इन चारों के योग के तुल्य वहां वास्तव शेष होगा । इस प्रकार आगे भी समझ लो ।)

उदाहरणम् (१) ५७८६८÷२४, अत्र लब्धिः का ।

(यहां लब्धि क्या है ।)

भाज्यः

प्रथमभाजकः ६) ५७८६८ अत्र २४ अस्य ६×४

द्वितीयभाजकः ४) ९६४६ लब्धिः, ४ प्रथमशेषम् , एवं विधं खण्डद्वयं

२४१२ लब्धिः, १ द्वितीयशेषम् , कृतं, ततो जाता २४१२ इयं वास्तवा लब्धिः, प्रथमशेषं ४ प्रथमभाजकगुणितद्वितीयशेषं ६ अनयोर्योगः १० इदं वास्तवं शेषं जातम् ।

(यहां २४ इसके ६×४ ऐसे दो खण्ड किये, तब २४१२ यह वास्तविक लब्धि

हुई, प्रथमशेष ४ और प्रथमभाजकगुणित द्वितीय शेष ६ इनका योग १० यह वास्तव शेष हुआ।)

उदाहरणम् (२) ७८९६४÷८४, अत्र लब्धिः का।

(यहां लब्धि क्या है।)

भाज्यः

प्रथमभाजकः ७) ७८९६४

द्वितीयभाजकः ३) ११२८४ लब्धिः, ६ प्रथमशेषम्,

तृतीयभाजकः ४) ३७६१ लब्धिः, १ द्वितीयशेषम्,

९४० लब्धिः, १ तृतीयशेषम्,

अत्र ८४ अस्य ७×३×४ एतादृशं खण्डत्रयं कृतं, ततो जाता ९४० इयं वास्तवा लब्धिः, प्रथमशेषं ६, प्रथमभाजकगुणितद्वितीयशेषं ७, प्रथमभाजकद्वितीयभाजकतृतीयशेषाणां घातः २१, एषां त्रयाणां योगः ३४ इदं वास्तवं शेषं जातम्।

(यहां ८४ इसके ७×३×४ ऐसे तीन खण्ड किये, तब ९४० यह वास्तव लब्धि हुई, प्रथमशेष ६, प्रथमभाजक गुणित द्वितीयशेष ७, प्रथमभाजक द्वितीयभाजक और तृतीयशेष इनका घात २१, इन तीनों का योग ३४ यह वास्तव शेष हुआ।)

(५४) भाजकस्यादौ यावन्ति शून्यानि स्युस्तावद्भिरादिमाङ्कैः रहिते भाज्य आदिमशून्यरहितेन भाजकेन भाजिते च या लब्धिः सैव वास्तवा लब्धिः स्यात्, त्यक्तैर्भाज्यादिमाङ्कैर्दक्षिणभागे युतमन्तिमशेषं वास्तवं शेषं स्यात्। एवं भाज्ये भाजके च कतिचिदादिमशून्यानि यदि स्युस्तर्हि ताभ्यां भाज्यभाजकाभ्यां तुल्यसंख्याकशून्यान्यपनीय भजनविधिः कार्यः।

(भाजक की दाहिनी तरफ जितने शून्य होंगे। उतने भाज्यकी दाहिनी तरफ के अङ्कों को अलग करने पर जो अवशिष्ट भाज्य होगा, उसमें शून्यरहित भाजक का भाग दो। जो लब्धि आवेगी वह वास्तविक लब्धि होगी, और अन्त में जो शेष बचेगा उसकी दाहिनी तरफ भाज्य से अलग किये हुए अङ्कों को रखने से वह वास्तविक शेष होगा। इसी प्रकार यदि भाज्य और भाजक दोनों की दाहिनी तरफ कुछ शून्य हों तो उन भाज्य और भाजक दोनों में से समान संख्या के शून्यों को काट कर तब भागहार की क्रिया करो।)

उदाहरणम् (१) ११२३९७८९÷३१८०००, अत्र लब्धिः का।

(यहां लब्धि क्या है ।)

भाजकः भाज्यः लब्धिः अभीष्टा

३१८) ११२३८ (३५ $\frac{१०९७८९}{३१८०००}$

९५४

१६९८

१५९०

अभीष्टशेषम् १०९७८९

अत्र भाजकस्यादौ शून्यत्रयं वर्तते, अतो भाज्यस्य ७८९ इदमादिमाङ्कत्रयं पृथक् कार्यम्, ततोऽवशिष्टभाज्ये शून्यरहितभाजकेन भाजिते शेषं १०९ अस्य दक्षिणपार्श्वे परित्यक्तभाज्यादिमाङ्कत्रयस्य स्थापनेन जातं १०९७८९ इदं वास्तवशेषम् ।

(यहां भाजक की दाहिनी तरफ तीन शून्य हैं, इस लिये भाज्य की दाहिनी तरफ के ७८९ इन तीन अङ्कों को अलग करो, तब शून्यरहित भाजक से अवशिष्ट भाज्य का भाग देने से शेष १०९ यह बचा, इसकी दाहिनी तरफ भाज्य से अलग किये हुए उन तीन अङ्कों को रखने से १०९७८९ यह वास्तविक शेष हुआ ।)

उदा० (२) ५१२०००÷४१९०००, अत्र लब्धिः का ।

(यहां लब्धि क्या है ।)

भाजकः भाज्यः लब्धिः

४१९) ५१२० (१२ $\frac{९२}{४१९}$

४१९

९३०

८३८

९२

अत्र भाज्यभाजकाभ्यां त्रीणि त्रीणि तुल्यसंख्याकशून्यान्यपनीय जातौ भाज्यभाजकौ ५१२०, ४१९ अभ्यां जाता १२ $\frac{९२}{४१९}$ इयं वास्तवा लब्धिः ।

(यहां भाज्य और भाजक दोनो में से तीन तीन शून्य हटा कर बचे हुए ५१२०, ४१९ इन भाज्य भाजकों से १२ $\frac{९२}{४१९}$ यह वास्तविक लब्धि हुई ।)

(५५) यत्र १०, १००, १००० इत्यादिसंख्यासु कापि भाजकस्थाने भवति, तत्रैक १ संख्याया दक्षिणपार्श्वे यावन्ति शून्यानि स्युस्तावन्तो भाज्यादिमाङ्काः शेषस्थाने भवन्ति, अवशिष्टभाज्याङ्काश्च लब्धिस्थाने भवन्ति । यथा, १२६÷१०, अत्र लब्धिः १२ शेषं ६ । एवं २५८९१÷१०० अत्र लब्धिः २५८ शेषं ९१ ।

(जहां १०, १००, १००० इत्यादि संख्याओं में से कोई संख्या भाजक के स्थान में होती है, वहां १ को दाहिनी तरफ जितने शून्य होंगे उतने भाज्यकी दाहिनी तरफ के आखिरी अङ्क शेष के स्थान में होते हैं और बचे हुए भाज्य के अङ्क लब्धि के स्थान में होते हैं। जैसे, १२६ ÷ १०, यहां लब्धि १२ और शेष ६ है। इसी प्रकार २५८९१ ÷ १००, यहां लब्धि २५८ और शेष ९१ यह है।)

(५६) अथ लब्धेः शुद्ध्यशुद्धिज्ञानोपायः प्राचीनाचार्योक्तः प्रदर्श्यते । भाज्यभाजकलब्धिशेषेषु प्रत्येकस्यैकदशकादिस्थानाङ्कानां योगः कार्यः । अस्मिन्योगेऽङ्कद्वयं चेत्तयोरङ्कयोरपि योगः कार्यः, एवं तावत्कार्यं यावदेक एवाङ्को योगे स्यात् । अयं योगाङ्कः क्रमेण भाज्यैकाङ्कः, भाजकैकाङ्कः, लब्ध्येकाङ्कः, शेषकाङ्कश्च भवति । अथ भाजकैकाङ्कलब्ध्येकाङ्कयोर्घाते शेषैकाङ्को योज्यः । अस्मिन्योगेऽङ्कद्वयं चेत्तयोरङ्कयोरपि योगः कार्यः । अयं योगैकाङ्को भाज्यैकाङ्केन समश्चेल्लब्धिः शुद्धा, अन्यथाऽशुद्धेति ज्ञेयम् ।

(अब प्राचीन आचार्यों ने कहा हुआ लब्धि जांचने का प्रकार दिखलाते हैं:— भाज्य, भाजक, लब्धि और शेष इन चारों में से हर एक के एक, दश, आदि स्थानों के अङ्कों का योग करो । यदि इस योग में दो अङ्क हों तो उन दो अङ्कों का भी योग करो । ऐसा तब तक करो जब तक योग में एक अङ्क न रहे इस योग के अङ्क को क्रम से भाज्यैकाङ्क, भाजकैकाङ्क, लब्ध्येकाङ्क और शेषैकाङ्क कहते हैं। फिर भाजकैकाङ्क और लब्ध्येकाङ्क के घात में शेषैकाङ्क जोड दो । इस योग में यदि दो अङ्क हों तो उन दो अङ्कों का फिर योग करो । यह योग का अङ्क भाज्यैकाङ्क के तुल्य हो तो लब्धि शुद्ध है, यदि तुल्य न हो तो लब्धि को अशुद्ध समझो ।)

यथा, भाज्यः ७१९८३७, भाजकः, ५१२ लब्धिः १४०५, शेषं ४७७, अत्रभाज्याङ्काः ७, १, ९, ८, ३, ७ एषां योगः ३५, अत्राङ्कद्वयमस्तीत्यतः ३, ५ अनयोर्योगः ८ अयं भाज्यैकाङ्को जातः, भाजकाङ्काः ५, १, २ एषां योगः ८ अयं भाजकैकाङ्को जातः, ततो लब्ध्यङ्काः १, ४, ०, ५ एषां योगः १० अत्राङ्कद्वयसत्वात् १, ० अनयोर्योगः १ अयं लब्ध्येकाङ्को जातः, एवं शेषाङ्काः ४, ७, ७ एषां योगः १८ अत्राङ्कद्वयस्य सत्वात् १, ८ अनयोर्योगः ९ अयं शेषैकाङ्को जातः, अथ भाजकैकाङ्कः ८ लब्ध्येकाङ्कश्च १ अनयोर्घातः ८ अस्मिन् शेषकाङ्कस्य ९ अस्य योजनेन जातो योगः १७ अत्राङ्कद्वयं वर्तते, अतः १, ७ अनयोर्योगः ८ अयं भाज्यैका-

ङ्केन ८ अनेन समः, अतः पूर्वोक्ता लब्धिः शुद्धास्तीति ज्ञायते ।

(जैसे, भाज्य ७१९८३७, भाजक ५१२, लब्धि १४०६, शेष ४७७, यहां भाज्य के अङ्क ७, १, ९, ८, ३, ७ इनका योग ३५ यहां दो अङ्क होने से ३, ५ इनका योग ८ यह भाज्यकाङ्क हुआ, भाजक के अङ्क ५, १, २, इनका योग ८ यह भाजकैकाङ्क हुआ, लब्धि के अङ्क १, ४, ०, ६ इनका योग १० इसमें दो अङ्क होने से १, ० इनका योग १ यह लब्ध्येकाङ्क हुआ, इसी तरह शेष के अङ्क ४, ७, ७ इनका योग १८ इसमें दो अङ्क होने से १, ८ इनका योग ९ यह शेषैकाङ्क हुआ, अब भाजकैकाङ्क ८ और लब्ध्येकाङ्क १ इनका घात ८ इसमें शेषैकाङ्क ९ को जोडने से १७ यह योग हुआ, इसमें दो अङ्क हैं, इसलिये १, ७ इनका योग ८ यह भाज्यैकाङ्क ८ इसके समान है, इसलिये उक्त लब्धि शुद्ध है ।)

अभ्यासार्थमुदाहरणानि (६) ।

अधोलिखितप्रश्नेषु लब्धयः काः स्युः ।

(नीचे लिखे प्रश्नों में लब्धि क्या हैं ।)

(१) ६७४÷२ (२) ८०६२१÷४ (३) ३८४७४÷८ (४) २४५६०÷१० (५) ३६०४२÷१६ (६) ३८६५६÷२६ (७) ६६१००÷४८ (८) ८०८०८०÷६२ (९) ४७५००÷६१ (१०) २८६२३४÷३२६ (११) २६५३४६÷५८४ (१२) ६६६७७७०÷३६०६ (१३) १२३४५६७८६÷६८७६५ (१४) १८७६५४३२१÷१२३४५ (१५) ४७६४६३८७÷७२००० (१६) ६८५४३२०००००÷५४३६००० (१७) १०८०६२४८६०÷७२०३४० (१८) १२००७३००६२÷८६७३२४ (१९) ५६७८६२३१४६७०÷८६७६८६७ (२०) ६८७६५४०४५६७८६÷६५४८१२३ (२१) २१८२७०४२५३००÷३७२६२०००० (२२) ६५६८६४१५६८१८÷२५८५३५३४ (२३) ३२००६६१७२८३÷६८५०००००७ (२४) ४१६५२३०३८२७१५÷८६७३१२५६ (२५) २४६७५३०८२४६७५३०८÷४२४५८०२३६ ।

(२६) ५९६४४८ अस्मिन्केन राशिना भाजिते लब्धिः ६८४ एतावती स्यात् ।

(५९६४४८ इसको कितने से भाग दें कि लब्धि ६८४ आवे ।)

(२७) ८७६५७४ अस्मात् २४३ अस्य कतिवारं विशोधनेनान्तिमं शेषं स्यात् ।

(८७९९७४ इसमें २४३ इसको कितनी बार घटाने से आखिरी शेष बचेगा ।)

(२८) द्वयो राश्योर्वधः ७७७७७७७७ तत्रैको राशिः ९५६ अपरः कः ।

(दो संख्याओं का गुणनफल ७७७७७७७७, उनमें एक ९५९ है तो दूसरी बताओ ।)

(२९) केन ६५७ अस्मिन् गुणिते ९९९९९९९९ इदं गुणनफलं स्यात् ।

(६५७ को किस राशि से गुण देने पर ९९९९९९९९ यह गुणनफल होगा ।)

(३०) २३३२८×३२ अत्र यद्गुणनफलं स्यात्तदेव ७२९ अस्मिन् केन गुणिते स्यात् ।

(किस संख्या को ७२९ से गुणा करने पर वही गुणनफल होगा जो २३३२८ को ३२ से गुणा करने पर होता है ।)

(३१) ७०६४२, ६९६५४ अनयोरन्तरादेतद्योगः कियद्गुणोवर्त्तते ।

(७०६४२, ६९६५४ इनके अन्तर से इनका योग कै गुना है ।)

(३२) ८८९५५५३ अस्मिन् कतिवारं ३०१ अस्य योजनेनान्तिमयोगः ९००००० अयं स्यात् ।

(८८९५५५३ इसमें ३०१ को कितनी बार जोडने से अन्तिम योग ९००००० यह होगा ।)

(३३) यत्र भाजकः ३२७, लब्धिः ८२०३, शेषश्च १०१ वर्तते, तत्र भाज्यः कः ।

(जहां भाजक ३२७, लब्धि ८२०३ और शेष १०१ है, वहां भाज्य क्या होगा ।)

(३४) यत्र शेषं ४३, अष्टगुणितशेषतुल्या लब्धिः, भाजकश्च सप्तगुणितशेषतुल्योऽस्ति तत्र भाज्यः कः ।

(जहां शेष ४३, शेष से आठ गुनी लब्धि और शेष से सात गुना भाजक होता है, वहां भाज्य क्या है ।)

(३५) यत्र भाज्यः ५८९१२५, लब्धिः ८२७, शेषश्च ३०१, तत्र भाजकः कः ।

(जहां भाज्य ५८९१२५, लब्धि ८२७ और शेष ३०१ है, वहां भाजक क्या होगा ।)

(३६) स राशिः कः, चतुर्विंशतिगुणितो यः ७२५ अस्मिन् योजितश्चेत् १५७२५ अयं योगः स्यात् ।

(वह राशि कौन है, जिसको २४ से गुण कर गुणनफल को ७२५ में जोड दें तो १५७२५ यह जोड होता है,)

(३७) ५८०७२ अस्मिन् ६१९ अनेन भाजिते यावतो लब्धिः यावच्च शेषं स्यात्, तावती लब्धिः तावच्छेषश्च कस्मिन् राशौ ७१४ अनेन भक्ते लभ्येत ।

(किस संख्या को ७१४ से भाग देने पर वही लब्धि और शेष आवेंगे जो ५८०७९ को ६१९ से भाग देने पर मिलते हैं ।)

(३८) काचित्संख्या १०५ अनेन विभाज्यास्ति, यदि १०५ अस्य ३×५×७ एवंविधैः खण्डैः खण्डभजनरीतिमवलम्ब्य भजनविधिः क्रियते, तर्हि २, ४, ५ एतानि यथाक्रमं शेषाणि भवन्ति, अत्र वास्तवं शेषं वद ।

(किसी संख्या में १०५ इसका भाग देना है, तब यदि १०५ इसके ३×५×७ ऐसे खण्ड करके खण्ड भाग की रीति से भाग दें तो क्रम से २, ४, ५, यह शेष होते हैं, तब वास्तव शेष क्या होगा ।)

(३९) ०÷1; १२÷०; ०÷०; अत्र लब्धयः काः स्युः ।

(०÷५, १२÷०, ०÷०, यहां लब्धि क्या होंगी ।)

(४०) यद्येकस्य मयूरस्य मूल्यं रूप्यकाष्टकं वर्तते, तर्हि १२५८४८ रूप्यकैः कियन्तो मयूरा लभ्यन्ते ।

(यदि ८ रुपये में एक मोर मिलता है तो १२५८४८ रुपये में कितने मोर मिलेंगे ।)

(४१) यदि २४ मिनिटैरेका घटिका भवति, तर्हि १३८२४ मिनिटैः कति घटिकाः स्युः ।

(२४ मिनिट में एक घटी होती है तो १३८२४ मिनिट में कितनी घटी होंगी ।)

(४२) एको धूमशकटः ५५ घटिकासु १३७५ क्रोशपरिमितमार्गं गच्छति, एक घटिकायां कति क्रोशान् यातुं स समर्थः ।

(एक रेलगाड़ी ५५ घटी में १३७५ कोस चलती है तो एक घटी में वह कितने कोस जायगी ।)

(४३) कस्यचिद्रथचक्रस्य परिधिः ९ हस्तमितो वर्तते, १३६७१ हस्तमितमार्गगमने तस्य कति भ्रमयः स्युः ।

(एक पहिये की गोलाई ९ हाथ है तो १३६७१ हाथ चलने में वह कितने चक्कर करेगा ।)

(४४) कस्मिंश्चित्पुस्तके ८३८६५६ अक्षराणि वर्तन्ते, तत्र यदि प्रतिपृष्ठं १६३८ अक्षराणि स्युस्तर्हि तत्पुस्तकपृष्ठसंख्यां वद ।

(किसी पुस्तक में ८३८६५६ अक्षर हैं यदि उसके हर एक पृष्ठ में १६३८ अक्षर हों तो उस पुस्तक में कितने पृष्ठ होंगे ।)

(४५) कश्चन वणिक् ४२६५ रूप्यकैः १५४०० प्रस्थमिततण्डुलान्, ३७४४० प्रस्थमितगोधूमांश्च क्रीतवान्, यद्यष्टप्रस्थपरिमिततण्डुलानां मूल्यं रूप्यकमेकं स्यात्तर्हि रूप्यकेण कति गोधूमप्रस्थास्तेन क्रीताः ।

(किसी बनिये ने ४२६५ रुपये के १५४०० सेर चांवल और ३७४४० सेर गेहूं खरीदे, अगर एक रुपये के ८ सेर के भाव से उसने चांवल खरीदे तो बताओ गेहूं का भाव क्या था ।)

(४६) २३ अश्वानां विनिमयेन ३१ बलीवर्दाः १० रूप्यकाणि च लभ्यन्ते, यद्येकस्याश्वस्य मूल्यं ११५ रूप्यकाणि, तर्ह्येकस्य बलीवर्दस्य मूल्यं कियत्स्यात् ।

(२३ घोड़ों के बदले ३१ बैल और १० रुपये मिलते हैं, अगर एक घोड़े का दाम ११५ रु० हैं तो एक बैल का दाम बताओ ।)

(४६) कश्चन मनुजः प्रत्यहं द्वादशक्रोशात्मकदेशमतिक्रम्य ४८ दिनैः स्वग्रामात्कलिकातानगरीम्प्राप्नोति, यदि स प्रतिदिनं षोडशक्रोशमितमार्गं गन्तुं शक्तस्तर्हि कियद्भिर्दिनैस्ताम्पुरीम्प्राप्नुयात् ।

(एक मनुष्य प्रतिदिन १२ कोस चल कर ४८ दिन में अपने गांव से कलकत्ते पहुंच जाता है, अगर वह रोज १६ कोस के हिसाब से चले तो वह कितने दिन में कलकत्ते पहुंचेगा ।)

(४८) एको मनुज एकैकपणस्य षट् फलानि, एवं नवतिफलानि क्रीत्वा तावन्त्येवैकैकपणस्य नव फलानीत्येवं क्रीतवान्, ततः स्वपणस्य पञ्च फलानीत्येवं सर्वाणि फलानि विक्रीय मूलधनतः कियदधिकं लेभे ।

(एक मनुष्य ने पैसे के ६ के भाव से ९० फल मोल लिये और उतने ही फल पैसे के ९ के भाव से मोल लिये, फिर एक पैसे के ५ के भाव से वह सब फल उसने बेच दिये, तब उसको लागत से कितना अधिक मिला ।)

(४९) केनचिन्मनुजेन त्रिषु स्वतनयेषु १७९४ मुद्रा एवं विभाजिता येन ज्येष्ठसुतो मध्यमसुतात् १५० मुद्रा अधिकाः प्राप्नोत्, मध्यमश्च कनिष्ठसुतात् १५० मुद्रा अधिका अलभत, तदा कनिष्ठसुतः कति मुद्राः प्राप ।

(किसी मनुष्य ने अपने तीन लड़कों में १७९४ रुपये इस तरह बांट दिये कि बड़े

लडके को मंझले से १९० रु० अधिक मिले। और मंझले को छोटे से १९० रु० अधिक मिले। कहो छोटे लडके को क्या मिला।)

(५०) कस्मिंश्चिद्दुर्ग एको धान्यराशिः ३५५ सैनिकानामेकोनचत्वारिंशद्दिवसभोजनपर्याप्त आसीत्, पञ्चदशदिनानन्तरं तत्रान्येऽपि सैनिकाः समागच्छन्, तदावशिष्टो धान्यराशिस्सर्वसनिकानां दशदिवसभोजनपर्याप्तोऽभूत्; तदा कियन्तोऽधिकसैनिकास्तत्राजग्मुः।

(एक किले में ३५५ सिपाहियों के लिये ३९ दिन का खाना था, १५ दिन के बाद कुछ सिपाही और आगये, तब कुल के लिये १० दिन का खाना रह गया, तब कितने सिपाही और वहां आये।)

दृढसंख्याः, अदृढसंख्याः, दृढापवर्तनानि च।

जो आजाय अंक

(५७) या संख्या एकातिरिक्तान्यसंख्यया निःशेषा न भवेत्सा दृढसंज्ञिका स्यात्। यथा, १, २, ३, ५, ७, ११ इत्याद्याः संख्या दृढाः स्युः। या चैवं न भवेत्साऽदृढसंज्ञिका स्यात्। यथा, ४, ६, ९ इत्याद्याअदृढसंख्याः सन्ति।

(जो संख्या १ को छोड़ कर किसी दूसरी संख्या से निःशेष नहीं होती है उसको दृढ संख्या कहते हैं और जो संख्या ऐसी नहीं होती है उसको अदृढसंख्या कहते हैं। जैसे, १, २, ३, ५, ७, ११ इत्यादि संख्याएं दृढ हैं और ४, ६, ९ इत्यादि अदृढ संख्या हैं।)

(५८) द्विपञ्चेतरस्या दृढसंख्याया एक स्थान एकत्रिसप्तनवानामन्यतमोऽङ्को वर्तते।

(२ और ५ इनको छोड़ कर जितनी दृढसंख्याएं होंगी उनके एक स्थान में १, ३, ७ और ९ इनमें से कोई एक अंक अवश्य होगा।)

(५९) द्वयोः संख्ययोरल्पसंख्यया बृहत्संख्यायां विभाजितायां यदि शेषं किमपि न भवेत्तर्हि साल्पसंख्या बृहत्संख्यायाअपवर्तनमुच्यते, बृहत्संख्या चाल्पसंख्याया अपवर्त्य इति कथ्यते। यथा, १२, ४ अनयोः १२ अयं ४ अनेन निःशेषं विभाजयितुं शक्योऽतः ४ अयं १२ अस्यापवर्तनं ४ अस्य च १२ अयमपवर्त्योऽस्ति।

(दो संख्याओं में छोटी संख्या का बडी संख्या में भाग देने से यदि शेष कुछ न रहे तो उस छोटी संख्या को बड़ी संख्या का अपवर्तन कहते हैं और बड़ी संख्या को छोटी

संख्या का अपवर्त्य कहते हैं। जैसे, १२ और ४ इन दो संख्याओं में १२ यह संख्या ४ से निःशेष होती है इसलिये १२ का ४ अपवर्तन है और ४ का १२ अपवर्त्य है।)

(६०) प्रत्येकसंख्यायाः १ रूपेण निःशेषं विभाजयितुं शक्यत्वाद्यद्यपि सकलसंख्यानां रूपमपवर्तनं, १ रूपस्य च प्रत्येकसंख्याऽपवर्त्यो भवितुमर्हति, तथाप्यत्रापवर्त्यापवर्तनशब्दव्यवहारस्तयोरेव संख्ययोर्भवति ययोरल्पतरा संख्या १ रूपं न भवति।

(जब कि हर एक संख्या १ से निःशेष हो सकती है तो प्रत्येक संख्या का अपवर्तन १ होगा और १ का अपवर्त्य प्रत्येक संख्या होगी। परन्तु यहां यह अवश्य जानना चाहिये कि अपवर्त्य और अपवर्तन इन दो शब्दों का व्यवहार उन्हीं दो संख्याओं में होता है जिनमें छोटी संख्या १ नहीं होती है।)

(६१) अथ कीदृशी संख्या कया संख्यया निःशेषं विभाजिता भवेदित्यस्य शीघ्रोपस्थितये कतिचित्सिद्धान्ताः प्रदर्श्यन्ते।

(अब किस प्रकार के संख्या में किस संख्या का निःशेष भाग दिया जा सकेगा, इसका शीघ्र ज्ञान होने के लिये कुछ सिद्धान्त लिखते हैं।)

(१) सिद्धान्तः। यस्या एकस्थाने शून्यद्विचतुःषडष्टानामन्यतमः कोऽप्यङ्को भवेत्सा समसंख्योच्यते। एतदन्या विषमसंख्याभिधीयते। समसंख्या अर्थात् यस्या एकस्थानीयाङ्कः शून्यं भवेदथवा स द्वाभ्यां निःशेषो भवेत्सा संख्या द्वाभ्यां निःशेषा स्यात्। यथा, ७४ अस्याः संख्याया एकस्थानीयोऽङ्कः ४ अयं द्वाभ्यां निःशेषो भवति, अतः ७४ इयं संख्यापि द्वाभ्यां निःशेषा भवेत्।

(जिस संख्या के एक स्थान में ०, २, ४, ६ और ८ इनमें से कोई अङ्क होगा उसको समसंख्या कहते हैं। इससे अन्य संख्या को विषमसंख्या कहते हैं। समसंख्या अर्थात् जिसके एक स्थान का अङ्क शून्य होगा अथवा वह २ से निःशेष होगा, वह संख्या २ से निःशेष होगी। जैसे, ७४ इसके एक स्थान का अङ्क ४ यह २ से निःशेष होता है इसलिये ७४ यह संख्या भी २ से निःशेष होगी।)

(२) सिद्धान्तः। यस्याः सकलाङ्कानां योगस्त्रिभिर्निःशेषो भवेत्सा संख्या त्रिभिर्निःशेषा भवेत्। यथा, ३२१ अस्याः संख्यायाः सकलाङ्कानां योगः ६ अयं त्रिभिर्निःशेषो भवति, अत उक्तसंख्यापि त्रिभिर्निःशेषा स्यात्।

(जिस संख्या के सब अङ्कों का योग ३ से निःशेष होगा वहसंख्या ३ से निःशेष

होगी। जैसे, ३२१ इस संख्या के सब अङ्कों का योग ६ यह ३ से निःशेष होता है इसलिये उक्त संख्या भी ३ से निःशेष होगी।)

(३) सिद्धान्तः। यस्या आद्यस्थानद्वयस्थसंख्या चतुर्भिर्निःशेषा स्यादथवा यस्या आद्यस्थानद्वये शून्यद्वयं स्यात्सा सकलसंख्या चतुर्भिर्निःशेषा भवेत्। यस्याश्चाद्यस्थानत्रयस्थसंख्याष्टभिरपवर्त्या स्यादथवा यस्या आद्यस्थानत्रये शून्यत्रयं स्यात्सा सकलसंख्याष्टभिर्निःशेषा स्यात्। यथा, ३२४ अत्राद्यस्थानद्वयस्थसंख्या २४ इयं चतुर्भिर्निःशेषा भवति, अत उक्तसंख्यापि चतुर्भिर्निःशेषा भवेत्। एवं ५२२४ अत्राद्यस्थानत्रयस्थसंख्या २२४ इयमष्टभिर्निःशेषा भवतीत्युक्तसंख्याष्टभिर्निःशेषा स्यात्।

(जिस संख्या की दाहिनी ओर के दो अंकों से बनी हुई संख्या ४ से निःशेष होगी अथवा जिसकी दाहिनी ओर दो शून्य होंगे वह संपूर्ण संख्या ४ से निःशेष होगी। इसी तरह जिस संख्या की दाहिनी ओर के तीन अंकों से बनी हुई संख्या ८ से निःशेष होगी अथवा जिसकी दाहिनी ओर तीन शून्य होंगे वह संपूर्ण संख्या ८ से निःशेष होगी। जैसे, ३२४ इस संख्या की दाहिनी ओर के दो अंकों से बनी हुई संख्या २४ यह ४ से निःशेष होती है इसलिये उक्त संख्या भी ४ से निःशेष होगी। इसीतरह ५२२४ इसकी दाहिनी ओर के तीन अंकों से बनी हुई संख्या २२४ यह ८ से निःशेष होती है इसलिये उक्त संख्या भी ८ से निःशेष होगी।)

(४) सिद्धान्तः। यस्या आद्याङ्कः पञ्च शून्यं वा भवेत्सा संख्या पञ्चभिर्निःशेषा स्यात्। यथा, ७०, ९५ इदं संख्याद्वयं पञ्चभिर्निःशेषितं भवति।

(जिस संख्या के एक स्थान में ० वा ५ होंगे वह संख्या ५ से निःशेष होगी। जैसे, ७०, ९५ यह दोनो संख्याएं ५ से निःशेष होती हैं।)

(५) सिद्धान्तः। यस्याः संख्यायाः सकलाङ्कानां योगो नवभिर्निःशेषो भवेत्सा संख्या नवभिरपवर्त्या स्यात्। यथा, ८४६ अस्याः संख्यायास्सकलाङ्कानां योगः १८ अयं नवभिर्निःशेषो भवतीत्युक्तसंख्या नवभिर्निःशेषा भवेत्।

(जिस संख्या के सब अंकों का योग ९ से निःशेष होगा वह संख्या ९ से निःशेष होगी। जैसे, ८४६ इस संख्या के सब अंकों का योग १८ यह ९ से निःशेष होता है इसलिये उक्त संख्या ९ से निःशेष होगी।)

(६) सिद्धान्तः । यस्या आदावेकद्वित्र्यादिशून्यानि स्युःसा संख्या क्रमेण दशशतसहस्रादिसंख्याभिर्निःशेषा स्यात् । यथा, ७०, ९०००० इदं संख्याद्वयं क्रमेण दशभिरयुतेन च निःशेषं भवति ।

(जिस संख्या की दाहिनी ओर एक, दो, तीन आदि शून्य होंगे वह संख्या क्रम से १०, १००, १००० आदि संख्याओं से निःशेष होगी । जैसे, ७०, ९०००० यह दोनो संख्याएं क्रम से १० और १०००० से निःशेष होती हैं ।)

(७) सिद्धान्तः । यस्याः संख्यायाः प्रथमतृतीयपञ्चमादिविषमस्थानीयाङ्कयोगस्य द्वितीयचतुर्थषष्ठादिसमस्थानीयाङ्कयोगस्य चान्तरं शून्यमेकादशभिर्वा निःशेषं भवेत्सा संख्यैकादशभिर्निःशेषा स्यात् । यथा, ६९५७५ अस्याः संख्यायाः विषमस्थानीयाङ्कानां ५, ५, ६ एषां योगः १६, समस्थानीयाङ्कयोः ७, ९ अनयोर्योगः १६, एतद्योगद्वयस्यान्तरं शून्यमस्तीत्युक्तसंख्यैकादशभिर्निःशेषा स्यात् । एवमेव ५६५२६१४ अत्र विषमस्थानीयाङ्कानां ४, ६, ५, ५, एषां योगः २०, समस्थानीयाङ्कानां १, २, ६ एषां योगः ९, एतद्योगद्वयान्तरं ११ इदमेकादशभिर्निःशेषं भवतीत्युक्तसंख्यैकादशभिर्निःशेषा भवेत् ।

(जिस संख्या के, पहिला, तीसरा पांचवां इत्यादि विषमस्थानों के अङ्कों के योग का और दूसरा, चौथा, छठवा इत्यादि समस्थानों के अंकों के योग का अन्तर शून्य होगा, अथवा वह अन्तर ११ से निःशेष होगा तो वह संख्या ११ से निःशेष होगी । जैसे, ६९५७५ इस संख्या के विषम स्थानों के अंक ५, ५, ६ इनका योग १६ और समस्थानों के अंक ७, ९ इन का योग १६ इन दोनों योगों का अन्तर शून्य है इसलिये उक्त संख्या ११ से निःशेष होगी । इसी प्रकार ५६५२६१४ इस संख्या के विषम स्थानों के अंक ४,६,५,५ इनका योग २० सम स्थानों के अंक १, २, ६ इनका योग ९ इन दोनों योगों का अन्तर ११ यह ११ से निःशेष होता है इस लिये उक्त संख्या ११ से निःशेष होगी ।)

(८) सिद्धान्तः । काचित्संख्या सप्तभिरेकादशभिस्त्रयोदशभिर्वा निःशेषा भवितुमर्हति नवेत्यस्य निर्णय एवं क्रियते । निर्दिष्टसंख्यास्थिताङ्का दक्षिणपार्श्वतो यथा सम्भवमेवंविधेष्वङ्कसमूहेषु विभाजनीया येष्वङ्कत्रयं भवेत् । ततः प्रथमतृतीयादिविषमसमूहानां योगस्य द्वितीयचतुर्थादिसमसमूहानां योगस्य चान्तरं यदि शून्यं भवेदथवा तदन्तरं यदि सप्तभिरेकादशभिस्त्रयोदशभिर्वा निःशेषं स्यात्तर्हि सा

निर्दिष्टसंख्या सप्तभिरेकादशभिस्त्रयोदशभिर्वा निःशेषा भवेत्। यथा, २९१४३५७०४ अस्याः संख्यायाः ७०४, २९१ इमौ विषमसमूहौ, अनयोर्योगः ९९५, अत्र समसमूहस्तु ४३५ अयमेक एव, ९९५, ४३५ अनयोरन्तरं ५६० इदं सप्तभिर्निःशेषं भवति नत्वेकादशभिस्त्रयोदशभिर्वा, अत उक्तसंख्या सप्तभिर्निःशेषा स्यात्। एवमेव ६४३४५३५८ अत्र ३५८, ६४ इमौ विषमसमूहौ, अनयोर्योगः ४२२, समसमूहश्च ३४५ अनयोरन्तरं ७७ इदं सप्तभिरेकादशभिश्च निःशेषं भवतीत्युक्तसंख्या सप्तभिरेकादशभिश्च निःशेषा स्यात्।

(कोई संख्या ७ से ११ से वा १३ से निःशेष होगी वा नहीं इसका निर्णय इस तरह किया जाता है:—निर्दिष्ट संख्याके अंकों को दाहिनी ओर से जहां तक संभव हो तीन तीन अंकों के समूहों में विभक्त करो। तब पहिला, तीसरा, पांचवा इत्यादि विषम समूहों के योग का और दूसरा, चौथा, इत्यादि सम समूहों के योग का अन्तर यदि शून्य होगा, अथवा वह अन्तर ७ से ११ से वा १३ से निःशेष होगा तो निर्दिष्ट संख्या ७ से ११ से वा १३ से निःशेष होगी। जैसे, २९१४३५७०४ इस संख्या में ७०४, २९१ यह विषम समूह हैं इनका योग ९९५ और सम समूह ४३५ यह एक ही है, ९९५, ४३५ इन का अन्तर ५६० यह ७ से ही निःशेष होता है ११ और १३ से निःशेष नहीं होता है इसलिये उक्त संख्या ७ से ही निःशेष होगी। इसी तरह ६४३४५३५८ इस संख्या में विषम समूह ३५८, ६४ यह दो हैं, इनका योग ४२२ और ३४५ यह सम समूह है इनका अन्तर ७७ यह ७ और ११ से निःशेष होता है इसलिये उक्त संख्या ७ और ११ से निःशेष होगी।)

(६) सिद्धान्तः। यस्या अष्टाङ्कविशिष्टसंख्यायाः आदिमाङ्कचतुष्टयं क्रमेण तदुत्तरवर्त्यङ्कचतुष्टयेन तुल्यं भवेत्सा संख्या ७३, १३७ आभ्यां निःशेषा स्यात्। यथा ७३२१७३२१ अस्याः संख्यायाआदिमाङ्कचतुष्टयं ७३२१ इदं क्रमेण तदुत्तरवर्त्यङ्कचतुष्टयेन ७३२१ अनेन समम. मत उक्तसंख्या ७३, १३७ आभ्यां निःशेषा भवेत्।

(जिस आठ अंकों की संख्या में पहिले चार अङ्क क्रम से उनके आगे के चार अङ्कों के समान होंगे वह संख्या ७३ और १३७ इन दोनों संख्याओं से निःशेष होगी। जैसे, ७३२१७३२१ इस संख्या में पहिले चार ७३२१ यह अङ्क क्रम से उनके आगे के ७३२१ इन चार अङ्कों के समान हैं इसलिये उक्त संख्या ७३ और १३७ इन दोनों संख्याओं से निःशेष होगी।)

(१०) सिद्धान्तः । यस्याः सप्ताङ्कविशिष्टसंख्याया आदिमाङ्कत्रयं क्रमेणान्तिमाङ्कत्रयेण समं तन्मध्ये च शून्यं स्यात्सा संख्या ७३, १३७ आभ्यां निःशेषा भवेत् । यथा, ३७१०३७१ इयं संख्या ७३, १३७ आभ्यां निःशेषा भवेत् ।

(जिस सात अङ्कों की संख्या में पहिले तीन अङ्क क्रम से अन्तिम तीन अङ्कों के तुल्य होंगे और उनके बीच में शून्य होगा वह संख्या ७३ और १३७ इन दोनों से निःशेष होगी । जैसे, ३७१०३७१ यह संख्या ७३, १३७ इन दोनों से निःशेष होगी ।)

(११) सिद्धान्तः । यस्याः षडङ्कविशिष्टसंख्याया आदिमाङ्कद्वयं क्रमेणान्तिमाङ्कद्वयेन तुल्यं मध्ये च शून्यद्वयं स्यात्सा संख्या ७३, १३७ आभ्यां निःशेषा स्यात् । यथा, ९५००९५ इयं संख्या ७३, १३७ आभ्यां निःशेषा भवेत् ।

(जिस छ अङ्कों की संख्या में पहिले दो अङ्क क्रम से अन्तिम दो अङ्कों के तुल्य होंगे और उनके बीच में दो शून्य होंगे वह संख्या ७३ और १३७ इन दोनों से निःशेष होगी । जैसे, ९५००९५ यह संख्या ७३, और १३७ इन दोनों से निःशेष होगी ।)

(१२) सिद्धान्तः । यस्याः पञ्चाङ्कविशिष्टसंख्यायाः प्रथमोऽङ्कोऽन्तिमाङ्केन समस्तन्मध्ये च शून्यत्रयं स्यात्सा संख्यापि ७३, १३७ आभ्यां निःशेषा स्यात् । यथा, ५०००५ इयं संख्या ७३, १३७ आभ्यां निःशेषा भवेत् ।

(जिस पांच अङ्कों की संख्या में पहिला अङ्क अन्तिम अङ्क के तुल्य होगा और उनके बीच में तीन शून्य होंगे वह संख्या भी ७३ और १३७ इन दोनों से निःशेष होगी । जैसे, ५०००५ यह संख्या ७३ और १३७ इन दोनों से निःशेष होगी ।)

(१३) सिद्धान्तः । यस्याश्चतुरङ्कविशिष्टसंख्याया अथवा पञ्चाङ्कविशिष्टसंख्याया द्विगुणाद्यस्थानद्वयस्थसंख्यया तुल्या शेषस्थानस्थसंख्या स्यात्सा संख्या ६७ अनेन निःशेषा भवेत् । यथा ५८२९ अत्राद्यस्थानद्वयस्थसंख्या २९ एतद्द्विगुणा शेषस्थानस्थसंख्या ५८ इयं वर्ततेऽत उक्तसंख्या ६७ अनेन निःशेषा स्यात् । एवं १४६७३ अत्राद्यस्थानद्वयस्थसंख्या ७३ एतद्द्विगुणा शेषस्थानस्थसंख्या १४६ इयं वर्ततेऽत उक्तसंख्या ६७ अनेन निःशेषा भवेत् ।

(जिस चार वा पांच अङ्कों की संख्या में पहिले दो अङ्कों की संख्या से शेष अङ्कों

की संख्या दूनी होगी वह संख्या ६७ से निःशेष होगी। जैसे, ५८२९ इस संख्या में पहिले दो अङ्कों की संख्या २९ इससे दूनी शेष अङ्कों की ५८ यह संख्या है, इसलिये उक्त संख्या ६७ से निःशेष होगी। इसी तरह १४६७३ इसमें पहिले दो अङ्कों की संख्या ७३ इससे दूनी शेष अङ्कों की १४६ यह संख्या है, इसलिये उक्त संख्या ६७ से निःशेष होगी।)

(१४) सिद्धान्तः। यस्याः संख्यायास्त्रिगुणाद्यस्थानद्वयस्थसंख्यया तुल्या शेषस्थानस्थसंख्या स्यात्सा संख्या ४३ अनेन निःशेषा स्यात्। यथा, २४९८३ इयं संख्या ४३ अनेन निःशेषा भवेत्।

(जिस संख्या में पहिले दो अङ्कों की संख्या से शेष अङ्कों की संख्या तिगुनी होगी वह संख्या ४३ से निःशेष होगी। जैसे, २४९८३ यह संख्या ४३ से निःशेष होगी।)

(१५) सिद्धान्तः। यस्याः संख्यायाः पञ्चगुणाद्यस्थानद्वयस्थसंख्यया तुल्या शेषस्थानस्थसंख्या स्यात्सा संख्या १६७ अनेन निःशेषा स्यात्। यथा, ७५१५ इयं संख्या १६७ अनेन निःशेषा भवेत्।

(जिस संख्या में पहिले दो अंकों की संख्या से शेष अंकों की संख्या पांचगुनी होगी वह संख्या १६७ से निःशेष होगी। जैसे, ७५१५ यह संख्या १६७ इससे निःशेष होगी।)

(१६) सिद्धान्तः। यस्याः संख्याया अष्टगुणाद्यस्थानद्वयस्थसंख्यया तुल्या शेषस्थानस्थसंख्या स्यात्सा संख्या ८९ अनेन निःशेषा भवेत्। यथा, १०४१३ इयं संख्या ८९ अनेन निःशेषा भवेत्।

(जिस संख्या में पहिले दो अङ्कों की संख्या से शेष अङ्कों की संख्या आठ गुनी होगी वह संख्या ८९ इससे निःशेष होगी। जैसे, १०४१३ यह संख्या ८९ इससे निःशेष होगी।)

(१७) सिद्धान्तः। यस्याः संख्याया नवगुणाद्यस्थानद्वयस्थसंख्यया तुल्या शेषस्थानस्थसंख्या स्यात्सा संख्या १७, ५३ आभ्यां निःशेषा भवेत्। यथा, २४३२७ इयं संख्या १७, ५३ आभ्यां निःशेषा स्यात्।

(जिस संख्या में पहिले दो अङ्कों की संख्या से शेष अङ्कों की संख्या नौ गुनी होगी वह संख्या १७ और ५३ इन दोनों से निःशेष होगी। जैसे, २४३२७ यह संख्या १७ और ५३ इन दोनों से निःशेष होती है।)

(१८) सिद्धान्तः। यस्याः संख्याया द्विगुणाद्यस्थानत्रयस्थसं-

ख्यया तुल्या शेषस्थानस्थसंख्या स्यात्सा संख्या २३, २९ आभ्यां निःशेषा भवेत्। यथा, ६८६३४३ इयं संख्या २३,२९ आभ्यां निःशेषा भवेत्।

(जिस संख्या में पहिले तीन अङ्कों को संख्या से शेष अङ्कों की संख्या दूनी होगी वह संख्या २३ और २९ इन दोनों से निःशेष होगी। जैसे, ६८६३४३ इसमें २३ और २९ इन दोनों का निःशेष भाग दिया जा सकता है।)

(६२) काचिददृढसंख्यैवंविधेषु दृढखण्डेषु विभाजयितुं शक्यते येषां गुणनफलन्तद्दृढसंख्यया तुल्यं भवेत्। अस्य विधिः। उक्तसिद्धान्तसाहाय्येन पूर्वमदृढसंख्यायास्तादृशं खण्डद्वयं विधेयं यस्मिन्नेकं खण्डं दृढं भवेत्। अथ यद्यपरं खण्डमदृढं स्यात्तर्हि तस्याप्युक्तवत्खण्डद्वयं कार्यम्। एवान्तावत्करणीयं यावदपरं खण्डं दृढं न भवेत्। इत्थं यानि खण्डानि सम्पद्येरंस्तेषां गुणनफलमुक्तादृढसंख्यया तुल्यं भवेत्।

(किसी अदृढ संख्या के ऐसे दृढ खण्ड किये जा सकते हैं जिनका गुणनफल उस अदृढ संख्या के तुल्य होगा। इसका विधि—उक्त सिद्धान्तों की सहायता से उस अदृढ संख्या के पहिले ऐसे दो खण्ड करो जिनमें एक खण्ड दृढ होगा। दूसरा खण्ड यदि दृढ न होगा तो उसके भी इसी प्रकार के दो खण्ड करो। ऐसा तब तक करो जब तक दूसरा खण्ड दृढ न होगा। इस प्रकार जो खण्ड उत्पन्न होंगे उनका गुणनफल उस अदृढ संख्या के तुल्य होगा।)

उदाहरणम्। ६७७८२ अस्याः संख्यायाः एवंविधानि खण्डानि कार्याणि येषां गुणनफलमुक्तसंख्यातुल्यं स्यात्।

(इस संख्या के ऐसे खण्ड करो जिनका गुणनफल उक्त संख्या के तुल्य होगा।)

अत्रोक्तसंख्या समास्तीत्यत इयं (१) सिद्धान्तेन द्वाभ्यां निःशेषा स्यात्। अतः ६७७८२=*२×३३८९१। पुनः ३३८९१ अस्याः सकलाङ्कयोगस्त्रिभिर्निःशेषो भवतीति (२) सिद्धान्तेनेयं त्रिभिर्निःशेषा स्यात्। अतः ३३८९१=३×११२९७। पुनः ११२९७ अस्या विषमाङ्कयोगस्य समाङ्कयोगस्य चान्तरं शून्यमतः (७) सिद्धान्तेनेयं ११ अनेन निःशेषा स्यात्। अतः ११२९७=११×१०२७। पुनः १०२७ अस्या

* अत्र साम्यद्योतकेन = अनेन चिन्हेन, ६७७८२ इयं संख्या २, ३३८९१ अनयोर्गुणनफलेन समास्तीति सूच्यते।

विषमसमूहः ०२७ समसमूहः १, अनयोरन्तरं २६ इदं १३ अनेन निःशेषं भवतीति (८) सिद्धान्तेनेयं १३ अनेन निःशेषा स्यात्। अतः १०२७ =१३×७९ अत्रापरं खण्डं ७९ इदं दृढमत उक्तसंख्यायाः ६७७८२= २×३×११×१३×७९ इमानि दृढखण्डानि दृढापवर्तनानि वा जातानि।

(यहां उक्त संख्या सम है इसलिये (१) सिद्धान्त के अनुसार यह २ से निःशेष होगी। इसलिये ६७७८२=२×३३८९१। फिर ३३८९१ इसके सब अंकों का योग ३ से निःशेष होता है इसलिये (२) सिद्धान्त के अनुसार यह ३ से निःशेष होगी। इसलिये ३३८९१=३×११२९७। फिर ११२९७ इसके विषम स्थानों के अङ्कों के योग का और सम स्थानों के अङ्कों के योग का अन्तर शून्य होता है इसलिये (७) सिद्धान्त के अनुसार यह ११ से निःशेष होगी। इसलिये ११२९७=११×१०२७। फिर १०२७ इसमें विषम समूह ०२७ और सम समूह १ इनका अन्तर २६ यह १३ से निःशेष होता है इसलिये (८) सिद्धान्त के अनुसार यह १३ से निःशेष होगी। इसलिये १०२७=१३×७९। यहां दूसरा खण्ड ७९ यह दृढ है इसलिये उक्त संख्या के ६७७८२=२×३×११×१३×७९ यह दृढ खण्ड वा दृढापवर्तन हुए।)

अभ्यासार्थमुदाहरणानि [७]

अधोलिखितसंख्याः २, ३, ४, ५, ८, ९, १०, ११ आसां काभिः संख्याभिर्निःशेषं विभाजयितुं शक्यन्ते।

(नीचे लिखी हुई संख्याएं २, ३, ४, ५, ८, ९, १० और ११ इनमें से कौन संख्याओं से निःशेष होंगी।)

(१) १३८ (२) ६४५ (३) ६८४ (४) ४२० (५) ८८४४ (६) ७६४२ (७) १२३० (८) १७७२ (९) २३११ (१०) ३४७५ (११) २३००० (१२) ७०६२८१ (१३) ७७७७७ (१४) ६८६८६८ (१५) १२३४५६७८९०

अधोलिखितसंख्याः ७,११,१३ आसु कतमसंख्यया निःशेषाः स्युः।

(नीचे लिखी संख्याएँ ७,११,१३ इनमें से किस किस संख्या से निःशेष होंगी।)

(१६) ५५५५५५ (१७) ४३३३७८ (१८) ४१२३२१० (१९) ५५७३४५४५ (२०) १२३७८९६६६

अधोलिखितसंख्याः काभिर्निःशेषाः स्युः।

(नीचे लिखी संख्याएं किससे निःशेष होंगी।)

(२१) १८६९३ (२२) २४६१२३ (२३) १३६१७ (२४) ९५१९ (२५) २७६३१ (२६) १५६५३

अधोलिखितसंख्याः स्वद्रढापवर्तनेषु विभाजनीयाः ।
(नीचे लिखी संख्याओं को उनके दृढापवर्तनों में विभक्त करो ।)

(२७) ६३३३६ (२८) ८७६४५ (२९) १३२९९० (३०) १५३९०(३१) २७६२७६

सावयवराशिनिरूपणम् ।

(६३) तत्रादौ कतिचन प्राचीनार्वाचीनाङ्ग्लदेशीयवित्तादिमानपरिभाषाः प्रोच्यन्ते ।

प्राचीनवित्तमानपरिभाषा

२० वराटकाः = १ काकिणी
४ काकिण्यः = १ पणः (ताम्रमयः)
१६ पणाः = १ द्रम्मः (राजतः)
१६ द्रम्माः = १ निष्कः (सौवर्णः)

आधुनिकवित्तमानपरिभाषा

२ दमड़ी = १ छदाम
२ छदाम = १ अधेला
२ अधेला वा ४ छदाम } = १ पैसा
३ वा अंग्रेजी पाई }
४ पैसा वा १२ पाई = १ आना
१६ आना = १ रुपया
१५ रुपया = १ गिन्नी

आङ्ग्लदेशीयवित्तमानपरिभाषा

४ फार्दिंग = १ पेनी (ताम्रमयी मुद्रा) २ शिलिङ्ग = १ फ्लोरिन (राजतमुद्रा)
१२ पेन्स = १ शिलिङ्ग (राजतमुद्रा) ५ शिलिङ्ग = १ क्रौन (राजतमुद्रा)
२० शिलिङ्ग = १ पौण्ड (स्टर्लिङ्ग) (स्वर्णमुद्रा), २१ शिलिंग = १ गिनी (स्वर्णमुद्रा)

प्रचलितभारतवर्षीयमुद्राः—पाई (ताम्रमयी) = पणतृतीयांशः, अधेला (ताम्रमयी) = पणार्धम् , पैसा (ताम्रमयी) = पणः, इकन्नी (निकिलाख्यधातुमयी) = ४ पणाः, दोअन्नी (निकिलाख्यधातुमयी राजती च) = ८ पणाः, चौअन्नी (राजती) = द्रम्मः, अठन्नी (राजती) = द्रम्मद्वयम् , रुपया (राजती) = द्रम्मचतुष्टयम् , निष्कचतुर्थांशो वा । 'गिन्नी' एतन्मुद्रा पुरा पञ्चदशरूप्यकैः समासीत् , अधुना स्वर्णमूल्यानुरोधेन तन्मानं न्यूनमधिकञ्च भवति ।

१ फार्दिङ्ग = २$\frac{3}{4}$ पाई, १ पेन्स = १०$\frac{2}{3}$ पाई, १ शिलिंग = १० आने ८ पाई, १ पौण्ड = १३ रु० ६ आ० ४ पा० । अतः १ रु० = १ शिलिङ्ग ६ पेन्स वा १८ पेन्स । पौण्ड, शिलिंग, इत्यादीनां मानान्यस्थिराणि भवन्ति, यान्यत्र प्रदर्शितानि तानि वर्तमानमानानुसारेणेति ज्ञेयम् ।

प्राचीनतौल्यपरिभाषा

२ यवौ = १ गुञ्जा
३ गुञ्जाः = १ वल्लः
८ वल्लाः = १ धरणम्
२ धरणे = १ गद्याणकः
१४ वल्लाः = १ धटकः
अथ च
५ गुञ्जाः = १ माषः
१६ माषाः = १ कर्षः वा सुवर्णम्
४ कर्षाः = १ पलम्
१०० पलानि = १ तुला
२० तुलाः = १ भारः
१० भाराः = १ आचितः

आधुनिकतौल्यपरिभाषा

८ खसखस (पोस्ता का दाना) = १ चावल
८ चावल वा ३ यव = १ रत्ती
८ रत्ती = १ माशा
१२ माशा = १ तोला
५ तोला = १ छटांक
४ छटांक = १ पाव
२ पाव वा ८ छटांक = १ अधसेरा
४ पाव वा १६ छटांक = १ सेर
२½ सेर = १ ढइया
५ सेर = १ पंसेरी
८ पंसेरी वा ४० सेर = १ मन

आङ्ग्लदेशीयतौल्यपरिभाषा

२४ ग्रेन = १ पेनीवेट
२० पेनीवेट = १ औन्स
१२ औन्स = १ पौण्ड (ट्रॉय)

(एतानि मानानि रत्नादितोलन उपयुज्यन्ते तदितरवस्तुतोलनेऽधोलिखितमानानि व्यवह्रियन्ते ।)

२७$\frac{११}{२}$ ग्रेन = १ ड्राम
१६ ड्राम = १ औन्स
१६ औन्स वा ७००० ग्रेन = १ पौण्ड (ॲव्हरडूपॉय्)
२८ पौण्ड = १ क्वार्टर
४ क्वार्टर = १ हण्ड्रेड्वेट
२० हण्ड्रेड्वेट = १ टन

गुञ्जेति रक्तवर्णोऽग्रभागे च श्यामलः कश्चन फलविशेषो वर्तते । सा गुञ्जा गुरुत्वद्वयेन मध्यमयवत्रितयेन वा तुल्या भवति । तेन १ वल्ल = ३ रत्ती, १ धरण = ३ माशा, १ गद्याणक = ६ माशा, १ कर्ष = १० माशा, २ गद्याणक = १ तोला । रूप्यकपरिमाणं 'तोला' इत्यस्य परिमाणान्न्यूनमपि तत्स्थाने रूप्यकैरेव तोलनं क्रियते, तेन ५ रुपया = १ छटांक, ८० रुपया = १ सेर । कर्षपरिमितसुवर्णस्य सुवर्णसंज्ञा भवति । यो भारो मनुष्येण वोढुं शक्यः स भारः, यश्च भारः शकटेन वोढुं शक्यः स आचित इत्युच्यते ।

१ मन = १०० पौण्ड (ट्रॉय) = ८२$\frac{२}{७}$ पौण्ड (ॲव्हरडूपॉय्), ३५ सेर = ७२ पौण्ड (ॲव्हर०), १ सेर = २ पौण्ड (ॲव्हर०) + ४०० ग्रेन, १ अधसेरा = १ पौण्ड (ॲव्हर०) + २०० ग्रेन, १ पाव = ८ औन्स (ॲव्हर०) + १०० × ग्रेन, १ छटांक = २ औन्स (ॲव्हर०) + २५ ग्रेन, १ तोला = १८० ग्रेन, ४९ मन = ३६ हण्ड्रेड्वेट, १ हण्ड्रेड्वेट = १ मन १४ सेर ७$\frac{१}{२}$ छटांक, १ टन = २७ मन ८ सेर १४$\frac{३}{२}$ छटांक ।

प्राचीनदैर्घ्यमानपरिभाषा

८ यवोदराणि = १ अङ्गुलम्
१२ अङ्गुलानि = १ वितस्तिः
२ वितस्ती = १ हस्तः
४ हस्ताः = १ दण्डः
२० हस्ताः = १ वंशः
४० वंशाः = १ नल्वः
२० नल्वाः वा २००० दण्डाः = १ क्रोशः
२ क्रोशौ = १ गव्यूतिः
२ गव्यूती = १ योजनम्

आङ्ग्लदेशीयदैर्घ्यमानपरिभाषा

१ इञ्च = प्रचलितपर्णविस्तारः
१२ इञ्च = १ फूट
३ फूट = १ यार्ड (गज)
५½ यार्ड = १ पोल
४० पोल वा २२० यार्ड = १ फर्लाङ्ग
८ फर्लाङ्ग वा १७६० यार्ड = १ माइल
६ फूट = १ फेदम
६९½ माइल = १ डिग्री (अंश)
६०/१ डिग्री = १ भौगोलिकमाइल
३ भौगोलिकमाइल = १ नाविकलोग

आधुनिकदैर्घ्यमानपरिभाषा

३ यव = १ अङ्गुल
३ अङ्गुल = १ गिरह
४ गिरह = १ बालिश्त वा बित्ता
८ गिरह वा २४ अङ्गुल = १ हाथ
१६ गिरह वा २ हाथ = १ गज
५ हाथ १ बित्ता = १ गठ्ठा
२० गठ्ठा वा ५५ गज = १ ज़रीब

यत्प्राचीनपरिभाषायां क्रोशमानमुक्तं तदेवाधुनिकपरिभाषायामपि ज्ञेयम्। 'गठ्ठा, ज़रीब' एतन्मानद्वयं भूमिदैर्घ्यमापनायोपयुज्यते। किन्त्वधुनाङ्ग्लदेशीयदैर्घ्यमानानामत्रप्रचारांधक्यादांग्लदैर्घ्यमानान्येवाधुनिकदैर्घ्यमानानि भवन्ति। तथाङ्ग्लयार्ड (गज) इत्यस्य मानमाधुनिक 'गज' इत्येतस्य मानान्न्यूनमपि 'यार्ड' इत्यस्यार्धमेव हस्तशब्देन व्यवह्रियते। तेन क्रोशः = ४००० यार्ड। 'फेदम्' इत्येतन्मानं रज्जुना जलगाम्भीर्यमापन उपयुज्यते।

प्राचीनक्षेत्रमानपरिभाषा

१४४ वर्गाङ्गुलानि = १ वर्गवितस्तिः
४ वर्गवितस्तयः = १ वर्गहस्तः
१०० वर्गहस्ताः = १ वर्गवंशः
४०० वर्गवंशाः = १ निवर्तनम्
४ निवर्तनानि = १ वर्गनल्वः

आधुनिकक्षेत्रमानपरिभाषा

२० अनवांसी = १ कचवांसी
२० कचवांसी = १ बिस्वांसी
२० बिस्वांसी = १ बिस्वा
२० बिस्वा = १ बीघा

आङ्ग्लदेशीयक्षेत्रमानपरिभाषा

१४४ वर्गइञ्च = १ वर्गफूट
९ वर्गफूट = १ वर्गयार्ड
३०¼ वर्गयार्ड = १ वर्गपोल
४० वर्गपोल = १ रूड
४ रूड वा ४८४० वर्गयार्ड = १ एकर
६४० एकर = १ वर्गमाइल

यस्य दैर्घ्यविस्तृती समे स्तः, तद्वर्गक्षेत्रमुच्यते। एकाङ्गुलदीर्घमेकाङ्गुलविस्तृतं च चतुरस्रक्षेत्रं वर्गाङ्गुलक्षेत्रं भवति। हस्तोन्मितदैर्घ्यविस्तृतिभ्यां यच्चतुर्भुजं क्षेत्रं भवति तद्वर्गहस्तसंज्ञकं भवति, एवमेव वर्गवंशादिक्षेत्राणि ज्ञेयानि। वितस्तिमितदीर्घं वितस्तिमितविस्तृते च चतुर्भुजक्षेत्रे १४४ वर्गाङ्गुलक्षेत्राणि भवन्ति। एवमग्रेऽपि ज्ञेयम्। १ ज़रीब (९९ गज) परिमितदीर्घं तावदेव विस्तृतं च चतुर्भुजक्षेत्रं 'बीघा' संज्ञकं, १ गट्ठा परिमितदीर्घं तावदेव विस्तृतं च चतुर्भुजक्षेत्रं 'बिस्वांसी' संज्ञकं च भवति। विंशतिवंशसंख्यैश्चतुर्भिर्भुजैर्निबद्धं क्षेत्रं निवर्तनसंज्ञकं भवति। एवमाङ्ग्ल 'यार्ड' इत्येतस्य हस्तद्वयतुल्यत्वात् १ बीघा = ३०२५ वर्गयार्ड, ८ बीघा = ६ एकर, १०२४ बीघा = १ वर्गमाइल।

प्राचीनधान्यादिमानपरिभाषा

४ कुडवाः = १ प्रस्थः
४ प्रस्थाः = १ आढकः
४ आढकाः = १ द्रोणः
१६ द्रोणाः = १ खारी

आङ्ग्लदेशीयधान्यादिमानपरिभाषा

४ जिल्ल = १ पिण्ट
२ पिण्ट = १ क्वार्ट
४ क्वार्ट = १ ग्यालन

(एतानि मानानि द्रवपदार्थमापन उपयुज्यन्ते, शुष्कपदार्थमापने चाधोलिखितमानान्युपयुज्यन्ते।)

२ ग्यालन = १ पेक
४ पेक = १ बुशल
८ बुशल = १ क्वार्टर
५ क्वार्टर = १ लोड
१८ ग्यालन = १ बॅरेल

चतुरङ्गुलविस्तीर्णं तावदेव दीर्घमुच्चं च यन्मृत्काष्ठलोहादिनिर्मितपात्रं, तत्कुडवसंज्ञकं भवति। एतत्पात्रं १ पाव वा ४ छटांकमितधान्यं धारयति। एवं प्रस्थपात्रं ४ पाव वा १ सेरमितधान्यं धारयतीत्यग्रेऽपि ज्ञेयम्। साम्प्रतमस्मिन्देशे परिमाणपात्रैर्लोकव्यवहारः प्रायो न भवति, किन्तु राजकीयतुलाधिकारिपुरुषैर्निर्धारितपरिमाणकै (बटखरा) रेव व्यवहारो भवति। ¼ छटांक, ½ छटांक, १ छटांक, २ छटांक (अधपई), ४ छटांक (पौवा), ८ छटांक (आधसेर), १ सेर, २ सेर, २½ सेर, ५ सेर, एतानि परिमाणकान्यत्र प्रचलितानि सन्ति। एक 'इञ्च' विस्तीर्णं तावदेव दीर्घमुच्चं च पात्रं 'घन इञ्च' संज्ञकं भवति। २७७½ संख्यकघनइञ्चपात्रान्तर्गतं यावज्जलं स्यात्तावदेकग्यालनपात्रान्तर्गतं भवेत्। एकग्यालनपात्रान्तर्गतजलस्योन्मानम् = १० पौण्ड (अॅव्हर०) = ४ सेर १३⅓ छटांक। एकपिण्टपात्रान्तर्गतजलोन्मानम् = १ पौण्ड ४ औन्स

(ॲव्हर०) = $९\frac{३३}{८}$ छटांक। एवमेकफूटविस्तीर्णं तावदेव दीर्घमुच्चं च पात्रं 'घनफूट' संज्ञकं भवति, एक 'घनफूट' पात्रान्तर्गतजलोन्मानम् = १००० औन्स (ॲव्हर०) = ३० शेर ६$\frac{१}{२}$ छटांक।

प्राचीनकालमानपरिभाषा	आङ्ग्लदेशीयकालमानपरिभाषा
६ प्राणाः = १ पलम्	६० सैकण्ड = १ मिनिट
६० पलानि = १ घटी	६० मिनिट = १ अवर (घण्टा)
२ घट्यौ = १ मुहूर्तः	२४ घण्टा = १ डे (दिनम् अहोरात्रात्मकम्)
$३\frac{३}{४}$ मुहूर्ताः वा $७\frac{१}{२}$ घट्यः = १ प्रहरः	७ दिन = १ वीक (हप्ता)
८ प्रहराः वा ६० घट्यः = १ दिनम्	२८, २९, ३०, ३१, दिन = १ मन्थ (महीना)
१५ दिनानि = १ पक्षः	३६५ दिन = १ योयर (वर्ष)
